तापमान

अधिकतम 42.8 डिग्री

न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



02 भिलाई निगम में सफाई कर्मचारियों की कटौती ...





04 अक्षय तृतीया पर जलदान की परंपरा निभाने ...









### रिसाली निगमः आयुक्त दफ्तर के सामने धरना-प्रदर्शन का मामला, 23 को होगी सुनवाई

# एमआईसी के चार और एक पार्षद को संभागायुक्त से समंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम के आयुक्त दफ्तर के सामने धरना-प्रदर्शन करने के मामले में संभागयुक्त कोर्ट ने एमआईसी के चार और एक कांग्रेस पार्षद को समंस जारी किया है।

इस समंस की तामिली भी हो गई है। 23 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई संभागायुक्त कोर्ट में होगी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने 16 मार्च की सफाई मुद्दे को लेकर निगम कार्यालय में घटित घटना का ब्योरा दिया है। जिसमें आयुक्त कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन में बैठने की वजह से शासकीय कार्य में बाधा आई। निगम में कार्यालयीन कार्य को लेकर आने वाले जनमानस को धरना-प्रदर्शन की वजह से उनका कार्य प्रभावित हुआ। इस शिकायत को संभागायुक्त कोर्ट ने सुनवाई के योग्य पाया। ततसंबंध में संभागायुक्त कोर्ट ने एमआईसी मेंबर अनिल देशमुख (पार्षद वार्ड क्र.26), रोहित धनकर (पार्षद वार्ड क्र.36), जहीर अब्बास (पार्षद वार्ड क्र.24), संजू नेताम (पार्षद वार्ड क्र.7) और पार्षद विनय नेताम (पार्षद वार्ड क्र. 16) को समंस जारी किया है।



आयुक्त दफ्तर के सामने 16 मार्च को प्रदर्शन करते हुए महापौर व एमआईसी।

## 16 मार्च को धरना-प्रदर्शन का नाटकीय घटनाक्रम

### 1 सुबह 9 बजे महापौर निवास का घेराव

16 मार्च की सुबह 9 बजे महापौर शशि सिन्हा के निवास में बड़ी संख्या में सफाई कर्मी पहुंचे थे। इस दौरान कर्मी महापौर से यह पूछ रहे थे कि कार्य करने पर उनका मानदेय कौन देगा। एजेंसी द्वारा यह कहा जा रहा है कि उन्हें संविदा अवधि बढ़ाए जाने का कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए श्रमिकों को कार्य पर नहीं रख सकता।

### 2 दोपहर 12 बजे निगम आयुक्त दफ्तर का घेराव

16 मार्च की दोपहर 12 बजे के पश्चात महापौर अपने सहयोगी परिषद के सदस्यों के साथ निगम दफ्तर पहुंचे। एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख , रोहित धनकर , जहीर अब्बास, संजू नेताम, और पार्षद विनय नेताम समेत कांग्रेस के ब्लाक पदाधिकारी के रूप में मनोनित सदस्य भी साथ थे। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के कार्यालय के सामने बैठे और जमकर नारेबाजी की।

### 3 महापौर बेसुध हुई व अस्पताल में भर्ती

16 मार्च को विपक्ष भाजपा भी महापौर के इस प्रदर्शन के खिलाफ प्रदर्शन किया। आयुक्त दफ्तर के सामने प्रदर्शन के दौरान पुलिस व तहसीलदार भी मध्यस्था की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं बनी। इस दौरान महापौर शशि सिन्हा बेसुध हो गई। जिसे बीएसपी सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### संभायुक्त कोर्ट में यह आरोप पत्र

संभागायुक्त कार्यालय के मुताबिक निगम आयुक्त के इस आरोप पर सुनवाई होगी जिसमें कहा गया है कि महापौर शशि सिन्हा ने 16 मार्च को आयुक्त मोनिका वर्मा को यह कहा कि वह श्रमिकों को घेराव करने का निर्देश क्यों दी है। साथ ही पारित संकल्प का क्रियान्वयन शीघ्र करने का निर्देश भी दी। जब आयुक्त ने संकल्प न्याय संगत नहीं होने की वजह से क्रियान्वयन के लिए बाध्य नहीं किए जाने का अनुरोध की तो महापौर ने मुलाकात करने की बात कहते हुए मोबाईल फोन कट कर दी। इसके बाद 10 बजे वस्तुस्थिति की जानकारी कलेक्टर को कक्ष में उपस्थित होकर दी गई। इसके पश्चात महापौर से मुलाकात व पारित संकल्प पर चर्चा करने स्वयं अपने कार्यालय में इंतजार कर रही थी। लेकिन कार्यालय में बिना अनुमति और पूर्व सूचना दिए प्रदर्शनकारी निगम में पहुंचे।

### इस तरह शासकीय कार्य में बाधा का आरोप

आरोप पत्र में उल्लेख है कि प्रदर्शनकारियों ने निगम प्रशासन मुर्दाबाद, आयुक्त द्वारा दलाली करने जैसी अभद्र भाषा का न केवल उपयोग किया। निगम के हित में कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को शासकीय कार्य किए जाने पर रोक लगाते मानसिक आघात पहुंचाया। लगभग एक घंटे का समय गुजर जाने पर और किसी तरह की अप्रत्याशित घटना न हो और सौहाद्र पूर्ण वातावरण चर्चा पश्चात समस्या का निराकरण करने दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता और नेवई थाना प्रभारी की पहल भी नाकाम साबित हुई। दुर्ग तहसीलदार गुप्ता की मध्यस्ता में आयुक्त बैठे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारियों से चर्चा करने पहुंची थी, किन्तु महापौर शशि सिन्हा और परिषद के उक्त सदस्यों ने यह कहते हुए अभद्र तरीके से दबाव बनाने की कोशिश करते रहे कि उनके द्वारा पारित संकल्प पर साफ सफाई कार्य करने संबंधी तत्काल आदेश जारी करें।

### सफाई मुद्दे को लेकर हुआ था यह विवाद

13 मार्च को महापौर की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक हुई। जिसमें साफ सफाई का कार्य हेतु समयावृद्धि (मेसर्स एलमेक टेक्नोक्रेट्स) को निविदा के नियमों के तहत दो माह अतिरिक्त समयावधि बढ़ाना था। महापौर परिषद कार्य अवधि को बढ़ाने की सहमति नहीं देते हुए यह संकल्प पारित किया कि नगर निगम रिसाली सीधे तौर पर एजेंसी की तर्ज पर सफाई कार्य करे और लगभग 650 कर्मचारियों का मानदेय श्रमिकों के खाते में स्थानांतरित करें। नगरीय प्रशासन विभाग के आदेश के विरूद्ध होने की वजह से आदेश जारी नहीं हुआ। नगरीय प्रशासन विभाग ने सीधे सफाई की समय अवधि दो महीने के लिए बढ़ा दी। उसके बाद से महापौर और एमआईसी मेंबर निगम आयुक्त के खिलाफ मोर्चा सा खोल लिया है। वहीं विपक्ष भी शहर सरकार के ऊपर कई आरोप लगाते हुए विकास कार्यों की उपेक्षा होना बता रहे है।

### पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# प्रेम-प्रसंग के चलते युवती की हत्या, प्रेमी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रेम प्रसंग में हुए विवाद के चलते प्रेमी ने प्रेमिका का गला दबाकर हत्या कर दिया। पुलिस ने चंद घंटो में ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवती के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि खैरागढ़ निवासी युनेश्वरी वर्मा की लाश मकान में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि युवती की हत्या गला दबाकर की गई है। घटना को अंजाम देकर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। खोजबीन करने के बाद पुलिस ने देंगरापार जिला बालोद निवासी कार्तिक राम साहू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि युनेश्वरी वर्मा उसकी प्रेमिका थी। उसे वो पुलगांव से अपने किराये के कमरे सुभाष नगर पद्मनाभपुर लाया था। दोनों के बीच संदेह के चलते विवाद हुआ। आक्रोश में आकर

- गला दबाकर की हत्या
- निजी कॉलेज से कर रही थी मृतिका बीएड
- विवाद के बाद घटना को दिया अंजाम


कार्तिक ने युनेश्वरी का गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका निजी कालेज से बीएड की पढ़ाई करती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ है। इसका पता लगाया जा रहा है। इसको लेकर परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी।

### सीसी कैमरों को भी खंगाला

युवती की हत्या कर मौके से फरार होने वाले कार्तिक को पकड़ने के लिए पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला। फुटेज मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फुटेज में आरोपी मकान में युवती के साथ आते दिख रहा है।







## खबर संक्षेप



### अंबेडकर जयंती पर मट्ठा वितरण

**भिलाई।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंडल कांग्रेस कमेटी चरोदा के तत्वाधान में रेलवे संस्कृतिक भवन संविधान चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा मट्ठा वितरण किया गया। इस दौरान अंबेडकर जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में जी जगदीश्वर राव, पार्षद एम जॉनी , संगीत सोरी विनोद समेत अन्य मौजूद थे।

### सेवादल ने मनाई बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती




**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के द्वारा सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पावर हाउस चौक पर सर्वप्रथम वंदेमातरम गायन कर बाबा साहेब को माल्यार्पण कर सेवादल के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महामंत्री संगठन प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता, प्रदेश महामंत्री जेआर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता महेश जयसवाल, प्रदेश सचिव लक्की नारायण सोनी, बलदेव मेहरा, संजय बंजारे, धनराज पारधे, कमल प्रसाद, अजय गौतम, दिलीप फ़ौजी, एमडी सलीम, श्रवण कुमार, कृष्णा देवांगन, महेश पटेल, एसटी नारायण उपस्थित थे।

# पेवर ब्लॉक लगाने में लापरवाही, उखाड़कर दोबारा निर्माण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

निगम दुर्ग क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर महापौर अलका बाघमार ने सख्त रुख अपनाया है। सिविल लाइन स्थित एसपी बंगले के पीछे चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में गंभीर खामियां पाए जाने पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए खराब हिस्से को तत्काल उखाड़कर पुनः निर्माण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने स्वयं मेजरिंग टेप से पेवर ब्लॉक की मोटाई, सड़क की लंबाई-चौड़ाई एवं बेस लेयर की जांच की। उप अभियंता हरिशंकर साहू को निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित फाइलें साथ रखें और कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें।

## महापौर अलका बाघमार ने कहा -गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

### ब्लैकलिस्ट करने की दी चेतावनी

महापौर श्रीमती बाघमार ने ठेका एजेंसी के संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में गुणवत्ता से समझौता पाया गया तो भुगतान रोक दिया जाएगा तथा संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में बेस, सीमेंट एवं पानी की उचित तराई नहीं पाई गई, जो अत्यंत गंभीर लापरवाही है।





### गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश

महापौर ने कहा कि किसी भी प्रकार का घटिया निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यक होने पर पूरी सड़क को ठेकेदार के खर्च पर दोबारा बनवाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सोमवार तक संबंधित कार्य को पूरी तरह उखाड़कर नए सिरे से गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को टिकाऊ एवं बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### स्वास्थ्य समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय

# भिलाई निगम में सफाई कर्मचारियों की कटौती पर असहमति, जोनों के लिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के खाद्य, लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू के अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर निगम की सफाई व्यवस्था से संबंधित निविदा विषय पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान नगर निगम के आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि वर्ष 2020 में शासन द्वारा स्वीकृत सेटअप के अंतर्गत कुल 1269 कर्मचारियों के माध्यम से शहर में सफाई कार्य कराए जाने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत जोन क्रमांक 1 के 15 वार्ड, जोन क्रमांक 2 के 14 वार्ड, जोन क्रमांक 3 के 8 वार्ड, जोन क्रमांक 4 के 14 वार्ड तथा जोन क्रमांक 5 हुडको क्षेत्र के आधे भाग में साफ-सफाई कार्य के लिए सफाई कामगारों को प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए जेम पोर्टल में निविदा आमंत्रित करने के पृथक-पृथक प्रस्ताव सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

## जैम पोर्टल से निविदा



### शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से होगी प्रभावित, सरकार से करें अनुशंसा

प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के पश्चात समिति के सदस्यों ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या में कमी किए जाने से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से प्रभावित होगी। उक्त कारणों को ध्यान में रखते हुए उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि पूर्व में महापौर परिषद और सामान्य सभा में निगम के वार्डों की साफ-सफाई कार्य के लिए एकीकृत निविदा के पारित प्रस्ताव के संबंध में राज्य शासन को पुनः पत्र प्रेषित किए जाने की अनुशंसा की जाए तथा इस प्रकरण को पुनः महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाए। इस संबंध में सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया। बैठक में समिति के सदस्य पीके श्याम सुंदर राव, एम लक्ष्मी गोपाल, डी सुजाता, के जगदीश, कोमलदास टंडन, अभिषेक मिश्रा, सरिता देवी, ईश्वरी नेताम सहित जावेद अली स्वास्थ्य अधिकारी तथा राजेश पालवे, प्रभारी सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

## पाइप लाईन संधारण जल्द पूरा करें : आयुक्त



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 अंतर्गत पाइप लाईन संधारण कार्य, उद्यान एवं वाटर एटीएम का निरीक्षण किये। उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 पश्चिम में पाइप लाईन संधारण एवं आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण किये। पाइप लाईन संधारण का कार्य बीएसपी प्रबंधन द्वारा कराया जा रहा है, जिसे जल्द से जल्द पूर्ण कराने कहा गया है, जिससे नागरिको को साफ एवं शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा सके। वर्तमान में उक्त क्षेत्र के संक्रमण को देखते हुए पेयजल हेतु निगम से 3 टैंकर भेजा जा रहा है। शमीपस्थ वाटर एटीएम को 24 घंटे के लिए चालू किया गया है, साथ ही आसपास के 2 ट्यूबवेल से भी पेयजल एवं निस्तार हेतु पानी लेने कहा गया है । इसके पश्चात सड़क 37 के सामने उद्यान का औचक जायजा लिये, उद्यान की साफ-सफाई व्यवस्थित पाया गया है । ट्यूबवेल पंप में प्रेशर के कमी को देखते हुए अतिरिक्त पाइप लगाने कहा गया है, पौधो की हरियाली बनाये रखने के लिये पर्याप्त सिंचाई कराने निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने सेक्टर 07 मार्केट के समीप लगे वाटर एटीएम का निरीक्षण किये, वर्तमान में वाटर एटीएम चालू है, जिससे नागरिक शुद्ध एवं प्रमाणित पेयजल का उपयोग कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे उपस्थित रहे।

## नए श्रम कोड के तहत केंद्रीय वेतनमान लागू करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वायतशासी कर्मचारी महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश ने नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नए श्रम कानूनों के तहत केंद्रीय वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग उठाई है। इस संबंध में महासंघ ने उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नाम आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

■ कर्मचारी महासंघ ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में बताया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नए श्रम कोड लागू किए गए हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों के हितों का संरक्षण और कार्यप्रणाली में एकरूपता लाना है। महासंघ का कहना है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू वेतन दरें और श्रम सुविधाएं केंद्रीय मानकों से अलग हैं, जिससे कर्मचारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

महासंघ ने मांग की है कि नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नए श्रम कोड के तहत केंद्रीय दर पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जाएं। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है।

### विकास कार्यों के लिए 8 लाख रूपए की स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत साजा विधानसभा क्षेत्र में जनहित के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 8 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। स्वीकृत राशि से धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में मंदिर परिसर विकास और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा।

## 100% अंकों की गूंज: फिजिक्स वाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता

**भिलाई।** फिज़िक्स वाला (पीडब्ल्यू) के लिए आज का दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने (सीबीएसई) कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत (100%) अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का से वैभवअरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिज़िक्स वाला के तकनीक-सक्षम ऑफ लाइन केंद्र हैं, ने भिलाई में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। शहर के उन पीडब्ल्यू छात्रों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में कुशाग्र गुप्ता (97.80%) और आशुतोष दुबे (97.40%) जैसे कई नाम शामिल थे। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा कि नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल व पीडब्ल्यू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की।" अमोलिक पंडिता ने बताया, "नियमित रिविजन और मॉक टेस्ट हल करना मेरे लिए 100% अंक लाने में बहुत सहायक रहा। आयुष्मान महापात्रा ने कहा, अनुशासन बनाए रखते हुए एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना का पालन करना मेरी सफलता की कुंजी रहा। परिणामों पर अपने विचार साझा करते हुए अलख पांडेय, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फिज़िक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने कहा, "हम परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हैं। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बधाई, जिन्होंने पूर्ण अंक हासिल किए। ये परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को दर्शाते हैं।" इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में 25 लाख से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इन विद्यार्थियों का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि सुनियोजित ऑनलाइन एवं मिश्रित शिक्षण पद्धति शैक्षणिक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



### श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको का शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** हुडको स्थित श्री शंकराचार्य विद्यालय ने इस साल सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार कुल 17 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल की टॉपर अनुष्का गुप्ता रही, जिन्होंने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं दक्ष राठौर 96.8 और चार्वी साहू ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। श्रेया अग्रवाल ने 96.4 प्रतिशत और तनिष्का साहू ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

### मां सारदा पब्लिक स्कूल का सराहनीय प्रदर्शन

**भिलाई।** मां सारदा पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9, भिलाई के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में शानदार सफलता प्राप्त की। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। विद्यालय के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर शशांक मिश्रा ने 83,द्वितीय स्थान पर आकांक्षा गुप्ता ने 76, तृतीय स्थान पर भव्य सिंह बिष्ट ने 74 अंक प्राप्त किए।



## बिजनेस साइट

### पीलिया का समय पर इलाज बचा सकता है जान – डॉ. जीवन लाल

**दुर्ग।** पीलिया को लेकर लोगों में अक्सर डर और घबराहट देखने को मिलती है, लेकिन सही समय पर इलाज से यह बीमारी पूरी तरह काबू में लाई जा सकती है। यह कहना है आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. जीवन लाल घीड़ले का।



उन्होंने बताया कि पीलिया कोई साधारण बीमारी नहीं है, बल्कि यह लीवर से जुड़ी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। शरीर में बिलीरुबिन बढ़ने पर आंखों और त्वचा का पीला पड़ना, कमजोरी, भूख में कमी, उल्टी और थकान जैसे लक्षण नजर आते हैं। अक्सर लोग इन शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो बाद में बड़ी परेशानी बन सकता है। समय पर जांच और इलाज से न सिर्फ बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि मरीज की जिंदगी भी सुरक्षित की जा सकती है, उन्होंने जोर देते हुए कहा।

उन्होंने साफ-सफाई और खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। दूषित पानी और अस्वच्छ भोजन पीलिया के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। इसलिए उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं और बाहर के खाने से बचें। डॉ. घीड़ले ने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घबराएं नहीं, सतर्क रहें और सही समय पर इलाज लें-यही पीलिया से बचाव का सबसे कारगर तरीका है।

### जनगणना कार्य के दौरान अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**दुर्ग।** जनगणना 2027 के तहत जिले में कार्य प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी के निर्देशानुसार जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब बिना पूर्व अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अवकाश पर नहीं जा सकेगा। जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं गणना 1 से 30 मई तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में जनगणना 2027 राष्ट्रीय कार्य को सुचारू और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जनगणना कार्य में लगे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश लेने से पहले कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### केडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** केडी पब्लिक स्कूल में 10वीं सीबीएससी बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इन उपलब्धियों के क्रम में यशी देवांगन ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। झलक साहू ने 91.2 अंक प्राप्त कर द्वितीय और लेखराज साहू ने 90 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों का परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक रहा। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### केपीएस भिलाई का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**भिलाई।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, सुन्दर नगर, भिलाई के विद्यार्थियों का कक्षा 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम दीपल देवांगन 97 प्रतिशत, द्वितीय आयान खान 95.4, तृतीय आयुष कुमार साव 95, चतुर्थ क्रिस्टिना मौनसे 94.4 एवं चतुर्थ हिंजल साहू 94.4, पंचम श्रेया साहू 93.4 षष्ठी कृतिका कौर 93 ने बाजी मारी। उपलब्धि पर कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस चेयरमैन एमएम त्रिपाठी, कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस वाइस चेयरमैन आनंद कुमार त्रिपाठी, कृष्णा ऐजुकेशन सोसायटी सेक्रेटरी प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एजुकेशन ऑफिसर आरएस पाण्डेय, शाला के प्राचार्य राजेश किन्हेकर, उपप्राचार्य प्रवीण कुमार, माया मिश्रा ने बधाई दी।

### केएच मेमोरियल स्कूल के सभी विद्यार्थी सफल

**भिलाई।** केएच मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। विद्यालय के कुल 54 छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें सभी विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा सुहानी शाह ने 93.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र संदीप यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि आर्यन वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रतिभा का परिचय दिया। प्राचार्य विभा झा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



**ब्रेनस्टॉमर्स एकेडमी का रहा शानदार परिणाम :** भिलाई। स्मृति नगर भिलाई स्थित ब्रेनस्टॉमर्स एकेडमी ने केवल 20 छात्रों के छोटे बैच में 4 छात्रों ने 91% से अधिक अंक प्राप्त किए, 5 छात्रों ने 80% से ऊपर स्कोर किया। पूरी कक्षा का औसत परिणाम 75% रहा, जो संस्थान की प्रभावी शिक्षण पद्धति को दर्शाता है। छात्रों की सफलता ने एकेडमी को क्षेत्र में एक भरोसेमंद शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित किया है।

## वृक्षारोपण, नहर निर्माण-मरम्मत, गाद निकासी के कार्यों पर विशेष जोर

# अपूर्ण कार्यों का सत्यापन कर शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) डीएलसी बैठक अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग, समस्त क्रियान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सिंह ने कहा कि अपूर्ण कार्यों का तकनीकी अधिकारियों द्वारा स्थल पर भौतिक सत्यापन किया जाए तथा उन्हें प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से वृक्षारोपण, नहर निर्माण एवं मरम्मत, गाद निकासी तथा जल संरक्षण से संबंधित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करते हुए लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक



### ग्राम पंचायत स्तर पर लापरवाही पर वसूली

मनरेगा अंतर्गत लगभग 30 प्रतिशत अपूर्ण निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। यदि किसी ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही है, तो शासन के निर्देशानुसार वसूली की कार्यवाही के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत 90 दिवस का रोजगार पूर्ण करते हुए आवास निर्माण को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा के तहत रोजगार मूलक कार्यों को मांग के आधार पर प्राथमिकता देते हुए शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

### जल संरक्षण व वृक्षारोपण कार्यों पर दिया जोर

ग्राम पंचायतों में नवा तरिया, अमृत सरोवर एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने तथा विशेष रूप से जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मनरेगा अंतर्गत एनआरईजीएसॉफ्ट में दर्ज अधूरे एवं लंबित कार्यों को लेकर भी गंभीरता व्यक्त की गई। निर्देश दिए गए कि ग्राम सभा के सत्यापन एवं विचार-विमर्श के बाद ऐसे कार्यों का समयबद्ध पूर्णता अथवा तर्कसंगत समापन सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। लंबित कार्यों के सत्यापन व समापन हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, नए कार्य प्रारंभ करने से पूर्व चल रहे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। जिन कार्यों में भौतिक प्रगति पूर्ण हो चुकी है, उन्हें शीघ्र पूर्ण कर एनआरईजीएसॉफ्ट में अद्यतन करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## संस्कारित परिवार ही समाज की असली पूंजी, संगोष्ठी में रखें विचार



**भिलाई।** गायत्री शक्तिपीठ में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये। संगोष्ठी में प्रवक्ता कृष्ण कुमार विनोद ने कहा कि संस्कारित परिवार, स्वर्ग जैसा संसार की अवधारणा आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है। उन्होंने कहा कि मजबूत और संस्कारित परिवार ही समाज की वास्तविक सामाजिक पूंजी हैं, जो किसी भी क्षेत्र के सतत विकास के लिए अनिवार्य होते हैं। उन्होंने युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों से प्रेरित इस आयोजन में परिवार निर्माण, नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिक मूल्यों को आधुनिक जीवनशैली के साथ जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिस समाज में पारिवारिक मूल्य मजबूत होते हैं, वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के संकेतक भी बेहतर होते हैं। संगोष्ठी में वक्ताओं ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धा दौर में मानसिक संतुलन, नैतिकता और संस्कार ही मानव संसाधन को सक्षम बनाते हैं। ऐसे में परिवार को संस्कारों की प्रथम पाठशाला के रूप में विकसित करना जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिजन, प्रबुद्ध नागरिक एवं युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वस्थ, सुसंस्कृत और जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जागरुकता अभियान, पारिवारिक संवाद और मूल्य आधारित शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही गई।वक्ताओं ने यह भी कहा कि विश्व में भारतीय परिवार व्यवस्था को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा गया है और इससे प्रेरणा ली जाती रही है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था कमजोर होती नजर आ रही है। ऐसे में आवश्यक है कि समाज को गुमराह करने वाले तत्वों से बचते हुए सत्य और सत्कर्म के मार्ग पर चलते हुए पारिवारिक मूल्यों को पुनः सशक्त बनाया जाए।



लाइव इवेंट

## संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्तर पर संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती समारोह का आयोजन इस वर्ष उनकी जन्म स्थली बांधवगढ़, मध्यप्रदेश में किया गया। जिसमें दुर्ग-भिलाई से भी काफी संख्या में सामाजिक लोगो ने शिरकत की। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से सेन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और संत शिरोमणि को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

- 0राष्ट्रीय स्तर पर संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती समारोह में शामिल हुए दुर्ग जिले के लोग

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रभात फेरी और संत सेन महाराज की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ पूरा वातावरण सेन महाराज के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में संत सेन महाराज के जीवन और उनके संदेशों पर आधारित झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। इस राष्ट्रीय समारोह में छत्तीसगढ़ से भी समाज के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दुर्ग जिले से छत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज के संरक्षक विमल सेन व छत्तीसगढ़ केश शिल्प बोर्ड के चेयरमेन नंदकुमार सेन के नेतृत्व में अहिवारा से मुकुतराम सेन, महेंद्र सेन, राजेश सेन समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत शिरोमणि सेन महाराज के त्याग, सेवा और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। शिक्षा, खेल और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही समाज के विकास, शिक्षा और रोजगार को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। समारोह में महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

- मध्यप्रदेश, राजस्थान और सिलीगुढ़ी से आए मटके, गर्मी में ठंडक पाने बढ़ी पूछपरख

# अक्षय तृतीया पर जलदान की परंपरा निभाने मटकों की बढ़ी डिमांड, मुख्य मार्गों और बाजारों में सजे राजस्थान और स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार घड़े

**गर्मी के मौसम में अक्षय तृतीया पर मिट्टी से निर्मित देशी घड़े-मटके और सुराही में जलदान करने की परंपरा आगामी 19 अप्रैल को निभाई जाएगी। इससे पहले शहर के कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के घड़े, मटकों के बीच आधुनिक चित्रकारी, फैंसी आर्ट से सजे गुजरात, ओडिशा के मटकों की श्रृंखला मुख्य मार्गों के आसपास रोजी-रोटी कमाने के लिए लोग सजा चुके हैं। आधुनिक मशीनरी का उपयोग करते हुए हुए तैयार की गई आकर्षक मटकी में लगाई गई टोंटी, कलरफुल पेंटिंग के चलते उन्हें हर वर्ग द्वारा पसंद किया जा रहा है।**



भिलाई। मिट्टी से मटके घड़े और विभिन्न तरह की सामग्री तैयार करने वाले दुकानदार ने बताया कि गुजरात के मटकों की मांग कई राज्यों में है। हल्की और चिकनी मिट्टी से बनाने से इसका पानी फ्रीज की तरह ठंडा होता है, इसलिए लोग इन्हें पारंपरिक फ्रिज की जगह इस्तेमाल करते हैं। मशीनी फिनिशिंग का उपयोग करने से उन्हें ज्यादा उत्पादन मिलता है। आधुनिक चाक और मशीनों का उपयोग करने से मिट्टी के मटके और घड़े खास होते हैं। इनको कीमत बाजार में साधारण मटकों से ज्यादा यानी 350-700 रुपए तक है। यह ज्यादा ठंडक देने के कारण वाहकों को आकर्षित करता है। मेरू और पॉलिश किए जाने से सामान्य मटकों से ज्यादा चमकदार होता है। कई रंगों से पेंटिंग और डिजाइनर नक्काशी के चलते शहर के लोगों को गा रहे हैं। सिर्फ मटके ही नहीं गुजरात के कुम्हारों द्वारा तैयार की गई सुराहों को भी पसंद किया जा रहा है। अक्षय तृतीया से पहले इनकी पूछपरख बढ़ने लगी है।

### प्राकृतिक शीतलता के साथ आकर्षक लुक

साई बाबा मंदिर चौक के पास दुकान लगाने वाले ओडिशा के मटके प्राकृतिक शीतलता और बनावट के लिए प्रसिद्ध हैं। जो पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखते हैं। खास स्वरूप देने के लिए पारंपरिक डिजाइन, प्राकृतिक रंगों और कलात्मक आकृतियों का उपयोग करते है। साथ ही इन्हें धीमी आंच पर पकाकर मजबूती देते हैं। जिससे इनकी मांग ज्यादा है। खेतों की उपजाऊ मिट्टी का इस्तेमाल करके तैयार करने से मटके, घड़े और सुराही में पानी भरने से वह प्राकृतिक शीतलता प्रदान करता है। कारीगर इन पर पारंपरिक कोणार्क शैली या आदिवासी चित्रकारी करते हैं, जो इन्हें पारंपरिक रूप से आकर्षक बनाते हैं। मटकों को अच्छी तरह से पकाया जाता है, इससे वह अधिक टिकाऊ होते हैं। इस बार 200 से 600 की रेंज में अलग-अलग साइज में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

### चलन बढ़ने की वजह है पौराणिक मान्यता

जलदान को धार्मिक महत्ता को लेकर पंडितों ने बताया कि बैसाख मास की अक्षय तृतीया तिथि से लेकर जेठ मास तक जलदान का प्रावधान है। इस तिथि से ही शिवालयों में घट में छिद्र करके शिवलिंग पर जल प्रवाह की परंपरा निभाई जाती है। इसके चलते लोग पुण्य अर्जन के लिए सेवा की भावना से जगह-जगह प्याऊ घर संचालित करते है। ताकि आने-जाने वाले प्यासे लोगों को तृप्त किया जा सके। सनातन धर्मानुरागी अक्षय तृतीया पर मंदिरों में और पुरोहितों को जल से भरा घट दान करते हैं। इस वजह से अक्षय तृतीया से लेकर जेठ मास तक मिट्टी के घड़े, मटके और सुराही की मांग ज्यादा रहती है।

### मटके पर उकेर रहे प्राकृतिक कला, बना रहे खास

भिलाई के कारीगर ने बताया कि मटके अपनी प्राकृतिक ठंडक और आकर्षक डिजाइन के लिए प्रसिद्ध है। यह मटके गर्म पानी को भी ठंडा रख सकते हैं। समय के साथ इन्हें आकर्षक और उपयोगी बनाने के लिए नल, आधुनिक पेटिंग और पारंपरिक डिजाइन का उपयोग किया जा रहा है। इससे गर्मी शुरू होते ही घड़े, मटके और सुराही की मांग बढ़ गई है। अक्षय तृतीया से पहले बल्क में मांग करने लगे हैं। इस साल भी सामाजिक संस्थाओं ने 100-200 की तादाद में आर्डर किया है। इसमें गुजरात, राजस्थान के साथ ही जेवरा-सिरसा के स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के मटके की मांग सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा है। मटकों में नल लगाया जा रहा है, ताकि पानी निकालने में आसानी हो सके। कारीगर अब मटकों पर पारंपरिक कला, रंगीन पेंटिंग और बस्तर की कला का इस्तेमाल करते हुए आकर्षक बना रहे हैं।



## स्कूल स्तरीय सेफ्टी क्विज में बच्चों की दिखी प्रतिभा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग (एसईडी) द्वारा सेक्टर-10 स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएस-10) में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी एसके अग्रवाल शिखा दुबे व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य सुमिता सरकार थी। प्रतियोगिता में अग्नि सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स, विद्युत सुरक्षा एवं पर्यावरण जागरुकता जैसे विविध विषयों को शामिल किया गया । छात्राओं ने कोरस प्रस्तुति दी। श्री सत्पथी ने कहा कि सुरक्षा केवल औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि घर, सड़क एवं खेल के मैदानों में भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा को केवल नियमों तक सीमित न रखते हुए इसे व्यक्तिगत आदत के रूप में विकसित करना आवश्यक है।





कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू , उप-प्रबंधक अरिजीत रॉय, सहायक-प्रबंधक अखिल मिश्रा और लक्ष्मी देवांगन द्वारा किया गया। संचालन वरिष्ठ व्याख्याता आर सिसिली दिनकर ने किया किया।

## समाज के उत्थान पर की चर्चा सदस्यों को दिए गए उपहार



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई की मुस्लिम महिलाओं के गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी का ईद मिलन समारोह स्थानीय स्तर पर मनाया गया। आयोजन में सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी तकरीर और नात शरीफ पेश कर महफ़िल को रोशन कर दिया। सभी मेहमानों का इस्तकबाल किया गया। डॉ. माहीन फातिमा अली ने अपने शायराना अंदाज से पूरी महफिल में समा बांध दिया। रिहान खान ने स्वागत भाषण दिया। अफशीन अली ने अल मदद सोसाइटी के कार्यों पर प्रकाश डाला। सोसायटी की निदेशक अंजुम अली ने हर एक सदस्य का गर्मजोशी से स्वागत किया और उपहार देकर खुशियां बांटी। आयोजन में दरख्शां, शमीम अशरफी, नरगिस और रूबीना का विशिष्ट योगदान रहा। आखिर में सभी सदस्यों ने एक साथ बैठ कर सेवइयों का लुत्फ उठाया। इस दौरान समाज के उत्थान के लिए नई योजनाएं और बेहतर भविष्य के लिए भी चर्चा की गई।

केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के 18 विद्यार्थी गीता क्विज़ के द्वितीय चरण के लिए चयनित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विद्यार्थियों में शिक्षण, नैतिक मूल्यों के विकास और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रचार-प्रसार को मजबूत करने के लिए दुर्ग में गीता प्रचार अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता क्विज़ इस्कॉन द्वारा किया गया। इस आयोजन में जिले के विभिन्न प्रमुख विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के विद्यार्थियों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। विद्यालय के 18 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों आरव, नुराज, अभ्युदय, ओम, मोक्षित, हिमांशु, खुशी, देविका, मयंक, शौर्य, दिव्यांश, अक्षत, सान्या, अर्णभ, आराध्य, काव्यांश एवं आस्तिक का चयन प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के लिए किया गया है।

प्रतियोगिता का द्वितीय चरण ऑनलाइन माध्यम से मई के प्रथम सप्ताह में किया जायेगा।

## विद्यार्थियों में गीता पाठ नैतिक मूल्यों का संचार करती है, डेढ़ सौ बच्चों ने दी परीक्षा, 18 बच्चों का चयन



### गीता का अध्ययन, जीवन का मार्गदर्शक

इस अवसर पर डॉ. अजय आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गीता का अध्ययन केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करने वाला है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिकता, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभिषेक ने कहा कि गीता के सिद्धांतों को बाल्यावस्था से ही जीवन में अपनाने से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में नैतिक मूल्यों के प्रसार के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

प्रभारी प्राचार्य नीता दास ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में गीता के सिद्धांतों के प्रति रुचि उत्पन्न करने के साथ-साथ उनके नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

# महिला अंडर-19 क्रिकेट में सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से महिला अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी में शानदार मुकाबले जारी है। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में शुक्रवार को टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध वेस्ट जोन के मैच में सेंट्रल जोन ने चार रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 8 विकेट पर 128 रन बनाए। अन्विषा गुप्ता ने 35 रन और निकिता राय ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की रिया सिंह एवं एस प्रधान ने दो-दो विकेट लिए। बेस्ट जोन ने 6 विकेट पर 124 रन, सुदीक्षा तिवारी ने 41 रन, निधि मंडावी ने 23 रन और अदिति वर्मा ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की ऋतिका साहनी ने दो विकेट लिए।

कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में परिणाम ईस्ट जोन ने 5 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन टीम 93 रन पर आउट हुई। शेख नाजिया ने 25 रन और उपासना साहू ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की शांति भगत ने तीन विकेट, अभिलाषी बारा एवं तनु यादव ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 5 विकेट पर 94 रन बनाए। इनमें यति शर्मा ने नॉट आउट 21 रन, प्रियांशी जोशी ने 19 रन, ज्योति प्रतीक्षा दुआ ने 15 रन और देविका ने नॉट आउट 12 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की दीपिका भगत और ख्याति साहू ने दो-दो विकेट लिए।

# अंडर-16 प्लेट ग्रुप में जारी है मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के पहले दिन के मैच शुक्रवार को हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम सरगुजा विरुद्ध दंतेवाड़ा में बल्लेबाजी में सरगुजा टीम पहली पारी में 147 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 50 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में सरगुजा ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 52 रन बनाए।

दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम महासमुंद विरुद्ध कोरबा के मैच में बल्लेबाजी करते हुए कोरबा ने पहली पारी में 6 विकेट पर 302 रन बनाए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम जशपुर विरुद्ध धमतरी में बल्लेबाजी करते हुए जशपुर टीम पहली पारी में 152 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में धमतरी ने पहली पारी में दो विकेट पर 47 रन बनाए। धमतरी में हुए मैच में टीम कोरिया जिला विरुद्ध कांकेर में बल्लेबाजी करते हुए कांकेर पहली पारी 136 रन पर आउट हो गई।

# सब जूनियर बेसबॉल में बिलासपुर ओवरआल चैंपियन




**रायपुर।** 26वी सब जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता बालक/बालिका का आयोजन 12 एवं 13 अप्रैल को छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान बिलासपुर मे सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि समापन समारोह में अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल, महासचिव मिताली घोष, उपाध्यक्ष डॉ कैरोलाइन सत्तूर, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा मिश्रा और संस्थापक सदस्य मृत्युंजय शर्मा मौजूद थे।

इस प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर, कवर्धा, दंतेवाड़ा, बेमेतरा, महासमुन्द और मुंगेली की टीम ने भाग लिया। बॉयज़ का फाइनल मैच बिलासपुर विरुद्ध दंतेवाड़ा के बीच खेला गया। जिसमे बिलासपुर की टीम ने मैच को शानदार तरीके से 02-00 के स्कोर से फाइनल जीता। बालिका वर्ग मे बिलासपुर विरुद्ध बेमेतरा के मध्य खेला गया जिसमे बिलासपुर ने 07- 04 से जीता और बिलासपुर टीम दोनो वर्गो मे विजेता रही। इस प्रतियोगिता मे चयनित खिलाड़ी 31 वी सब जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल स्पर्धा जो 24 से 29 मई तक केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओड़िशा मे भाग लेंगे।

# इंडियन एथलेटिक्स सीरीज में छत्तीसगढ़ के अनिमेष को गोल्ड




**रायपुर।** इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 3 के दिल्ली चरण में देश के युवा स्टार स्प्रिंटर और नेशनल रिकॉर्ड होल्डर अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे इस इवेंट में कुजूर को एस तमिलरासु से कड़ी टक्कर मिली। दोनों ने रेस 10.28 सेकंड में पूरी की।

## सेहत की बात- प्रोटीन-विटामिन्स और मिनरल्स की तरह जरूरी है साइट्रिक एसिड


# शरीर के लिए नियमित जरूरी होता है साइट्रिक एसिड, आहार में संतुलित ढंग से शामिल कर सुधार सकते हैं अपनी सेहत

प्रोटीन-विटामिन्स और मिनरल्स पर तो हम सभी अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर क्या आप साइट्रिक एसिड की जरूरतों के बारे में जानते हैं? हमें नियमित रूप से इसकी आवश्यकता होती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर ऐसे आहार के सेवन की जरूरत होती है, जिससे जरूर सभी पोषक तत्व आसानी से प्राप्त हो सकें। प्रोटीन-विटामिन्स और मिनरल्स पर तो हम सभी अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर क्या आप साइट्रिक एसिड की जरूरतों के बारे में जानते हैं? वैसे तो इसकी चर्चा काफी कम होती है पर ये हमारी सेहत के लिए बहुत आवश्यक माना जाता है।

साइट्रिक एसिड प्राकृतिक यौगिक है जिसका कई प्रकार से इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर को कई गंभीर और संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। साइट्रिक एसिड सभी खट्टे फलों में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। यह मेटाबॉलिज्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसका उपयोग आपका शरीर भोजन को ऊर्जा में बदलने के लिए करता है।

शरीर के कई कार्यों में होती है इसकी भूमिका

साइट्रिक एसिड क्यों जरूरी है?



साइट्रिक एसिड का मुख्य कार्य शरीर में ऊर्जा के उत्पादन में मदद करना है। जब हम काबोहाइड्रेट्स-फैट्स और प्रोटीन वाली चीजें खाते हैं, तो शरीर उन्हें ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजरता है। इनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है क्रेब्स साइकल, जो कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पन्न करने में मदद करती है। इस साइकल में साइट्रिक एसिड का मुख्य योगदान होता है। वैसे तो हमें आहार के माध्यम से ये पोषक तत्व प्राप्त होता रहता पर कुछ लोगों में इसकी कमी होने का भी खतरा हो सकता है।



साइट्रिक एसिड की कमी होना वैसे तो काफी दुर्लभ है, क्योंकि शरीर इसे विभिन्न आहार स्रोतों से प्राप्त करता है। हालांकि कुछ कारणों या बीमारियों के कारण जब साइट्रिक एसिड साइकल में कोई गड़बड़ी आ जाती है, तो शरीर में ऊर्जा उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इसके कारण आपको थकान, मांसपेशियों में कमजोरी सहित अन्य शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं।

आहार से साइट्रिक एसिड की पूर्ति कैसे करें?

साइट्रिक एसिड मुख्य रूप से खट्टे फलों में पाया जाता है। आहार में इससे भरपूर चीजों को शामिल करके शरीर को कई प्रकार से लाभ हो सकते हैं।

नींबू में साइट्रिक एसिड की उच्च मात्रा होती है। इसका सेवन ताजे रूप में या पानी में निचोड़कर किया जा सकता है। इसी तरह संतरा और अन्य खट्टे फल, जैसे अंगूर, टमाटर, और आमला, साइट्रिक एसिड का अच्छा स्रोत



होते हैं। अनार को आहार में शामिल करके साइट्रिक एसिड की पूर्ती की जा सकती है। ये एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है।

### सही मात्रा में करें सेवन

साइट्रिक एसिड शरीर में ऊर्जा उत्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी कमी से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अच्छे आहार, जैसे खट्टे फल, साइट्रिक एसिड की कमी को दूर करने में मदद कर सकते हैं। उचित मात्रा में इनका सेवन करना शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक है। हालांकि इसकी मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है, अधिक मात्रा में सेवन से कई दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।



# इस मौसम में बढ़ जाता है फूड इंटॉलरेंस, जानिए कुछ खास बातें

वेट कम होना और फैट कम होना दो अलग-अलग चीजें होती हैं उसी तरह खाने से एलर्जी होना और फूड इंटॉलरेंस और भूख सहन न होना भी 2 अलग-अलग चीजें होती हैं। कई बार जब हम खाना नहीं पचा पाते (जिसे अपच कहते हैं), तो हमारे शरीर पर इसका उलटा असर होता है, जैसे एलर्जी में होता है। उसे खाद्य असहिष्णुता / खाने का न पचना/फूड इंटॉलरेंस कहते हैं।

खाने को न पचा पाना वो होता है जब बहुत कॉमन बात है। खाने को न पचा पाना डाइजेस्टिव सिस्टम की प्रोसेस होती है। यह तब होती है, जब आप कुछ ऐसा खाते या पीते हैं, जिसे आपका शरीर नहीं तोड़ सकता या पचा नहीं पाता।

फूड इंटॉलरेंस, दर्दनाक और असहज हो सकती है। हालांकि इससे लाइफ को कोई खतरा नहीं होता लेकिन कभी कभार खाना न पच पाने से कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप उन फूड को खाना बंद कर दें ताकि आगे चलकर ये समस्या न आएं।



### फूड इंटॉलेरेंस का कारण

फूड इंटॉलेरेंस तब होता है जब खाने को पचाने के लिए पर्याप्त एंजाइम नहीं होते। उदाहरण के लिए अधिकतर लोगों को डेयरी प्रोडक्ट से फूड इंटॉलेरेंस होती है। डेयरी प्रोडक्ट में लेक्टोस होता है और लेक्टेज एंजाइम की कमी के कारण जो लोग डेयरी प्रोडक्ट का सेवन करते हैं उनमें ये समस्या देखी जाती है।

फूड इंटॉलेरेंस के कारण होने वाली समस्या के बारे में भी जान लीजिए, जिससे समझ जाएंगे कि जो खाना खाने के बाद ये समस्या हो रही हैं, उनका लिमिटेड मात्रा में सेवन करना चाहिए।

### सूजन और गैस

न्यूयॉर्क शहर स्थित इंटर्निस्ट और गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, एमडी, निकेत सोनपाल के मुताबिक, अत्यधिक सूजन और गैस, फूड इंटॉलेरेंस के सबसे आम लक्षणों में से हैं।

हाई फाइबर भोजन के बाद थोड़ी सूजन और गैस आम है। लेकिन जब ये लक्षण असहज या दर्दनाक हो जाते हैं और हर बार जब आप एक निश्चित भोजन खाते हैं, उसके बाद ही ऐसा होता है तो ये फूड इंटॉलेरेंस है। हालांकि यह हर किसी को नहीं होता। सूजन और गैस अक्सर लैक्टोज असहिष्णुता या गाय के दूध उत्पादों में चीनी (लैक्टोज) को पूरी तरह से पचाने में असमर्थता के संकेत होते हैं। क्योंकि लैक्टोज असहिष्णुता, असहिष्णुता का सबसे आम प्रकार है। यदि लैक्टोज असहिष्णुता सूजन का कारण है, तो दूध, दही, पनीर और आइसक्रीम जैसे डेयरी उत्पाद खाने या पीने के कुछ घंटों बाद भी आपको पेट दर्द या दस्त का अनुभव हो सकता है।

### पेट दर्द

आमतौर पर बहुत अधिक सूजन और गैस के साथ, पेट दर्द इंटॉलेरेंस का एक और विशिष्ट संकेत है। पेट दर्द हर किसी में अलग-अलग होता है। अगर किसी को फूड इंटॉलेरेंस है तो उसमें पेट दर्द आमतौर पर मध्य और निचले पेट में ऐंठन जैसा महसूस होता है।




# गर्मियों में किचन को ठंडा रखने के स्मार्ट हैक्स, आएंगे आपके बेहद काम

गर्मियों के मौसम में किचन में घुसते ही इतनी भयंकर गर्मी लगती है कि काम करने का भी मन नहीं करता है। ऐसे में किचन को ठंडा रखना बेहद जरूरी हो जाता है। आज हम आपको कुछ ऐसे स्मार्ट हैक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप गर्मी के मौसम में भी किचन को ठंडा रख सकती हैं।

गर्मी के मौसम में बस लगता है कि ठंडी जगह पर पूरे दिन बैठे रहें, क्यूंकि एसी या कूलर वाले कमरे से बाहर निकलते ही पूरा शरीर पसीने से भीग जाता है। ऐसे में हम चाहते हैं कि हम घर के जिस भी हिस्से में जाएं वहां बस ठंडक का एहसास हो, ताकि चिलचिलाती गर्मी में अच्छा फील हो। घर में किचन ऐसी जगह है जहां सबसे ज्यादा गर्मी महसूस होती है। दरअसल, किचन में गैस पर खाना बनने के दौरान निकलते वाली हीट से वहां का वातावरण काफी गर्म रहता है। जिसके चलते रसोई वाले हिस्से में बहुत ज्यादा गर्मी होती है। इसी के चलते गर्मियों के मौसम में किचन के अंदर घुसने का भी मन नहीं करता है।

गर्मियों के दिनों में खाना बनाना सबसे बड़ा टास्क होता है। तेज गर्मी, गैस की हीट की वजह से किचन अक्सर तंदूर जैसा महसूस होने लगता है। किचन से निकलने वाली गर्माहट की वजह से वहां एंट्री करते ही पूरा शरीर पसीने से भर जाता है। ऐसे में खाना बनाना काफी मुश्किल होता है। साथ ही, गर्मी की वजह से हमारी तबियत भी खराब हो सकती है। ऐसे में हमें किचन में कुछ ऐसे स्मार्ट तरीके अपनाने होते हैं, जिससे वहां का माहौल ठंडा रहे और काम करने में अच्छा फील हो। ठंडक होने से आप किचन में कितनी भी देर बिना परेशानी के घंटों खाना बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं वो 5 स्मार्ट हैक्स, जो आपकी गर्मियों की किचन प्रॉब्लम को बना देंगे आसान।




### एक्जॉस्ट को ऑन रखें

आजकल मॉडर्न किचन में वैसे तो चिमनी लगी होती है, लेकिन इसके अलावा आप किचन की विंडो पर एक एग्जॉस्ट फैन जरूर लगवाएं। उसको आप ज्यादा से ज्यादा समय के लिए चलने दें। इससे किचन में मौजूद सारी गर्मी बाहर निकलती रहेगी और गर्मी का एहसास नहीं होगा।

### इनडोर प्लांट्स लगाएं

हम वातावरण को ठंडा और शुद्ध बनाएं रखने के लिए जिस तरह घर के बाहर पेड़-पौधे लगाते हैं। ठीक उसी तरह अंदर का माहौल खासकर रसोई का उसके लिए हमें इनडोर प्लांट किचन में गमले में करके लगाने चाहिए। इससे किचन में आपको अच्छा फील होने के साथ ठंडा भी लगेगा।

# घर पर रहती है बिना वजह अशांति, तो वास्तु के ये उपाय आएंगे काम



कई बार हमारे घर में कलह-कलेश का कारण वास्तु दोष होते हैं। अगर आपके घर में भी किसी कारण से अशांति बनी रहती है तो आपको वास्तु के कुछ आसान उपाय आजमाने चाहिए। आइए जानें उनके बारे में। अगर आपका घर बन चुका है और बाथरूम, किचन या स्टोर रूम में बदलाव संभव नहीं है, तो कुछ आसान उपायों से आर्थिक गृह क्लेश से मुक्ति पा सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा ला सकते हैं और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। आइए सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें वास्तु के कुछ आसान उपाय जो आपके घर में शांति बनाए रख सकते हैं।

### मुख्य द्वार पर स्वास्तिक या ॐ का चिन्ह बनाएं

यदि आप अपने घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक या ॐ का निशान बनाते हैं, तो यह न केवल सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करता है, बल्कि नकारात्मक शक्तियों को भी दूर करने में सहायक होता है। स्वास्तिक को हिंदू धर्म में शुभता, समृद्धि और सफलता का प्रतीक माना जाता है, जबकि ॐ का उच्चारण और इसका चिह्न घर में आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा को बढ़ाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, स्वास्तिक और ॐ का चिन्ह मंगल दोष को कम करने में सहायक होता है और घर में सुख-समृद्धि बनाए रखता है। इसे बनाने के लिए गेरू, हल्दी या रोली का उपयोग करना सबसे शुभ माना जाता है। इसे नियमित रूप से स्वच्छ रखें और खासतौर पर मंगलवार और शनिवार को इसका पूजन करें।

## कार्नर न्यूज

## मौजूदा समय में सेहत पर ध्यान देना सबसे पहली जरूरत

# जीवन में चिंता और उदासी को दूर कर देगी आपकी आदतें, बड़ा बदलाव करना होगा अपने रूटीन में

ऐसा लगता है कि, लाइफ में चिंता और उदासी होना आम बात सी हो गई है। आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, चिंता और उदासी की भावनाएँ अक्सर हम पर हावी हो जाती है। हालाँकि, कुछ आदतें अपनाने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। यह आदतें आपके जीवन से चिंता और उदासी को दूर रखने में मदद कर सकती हैं।

### नियमित व्यायाम

जीवन की चिंता और उदासी से निपटने के लिए व्यायाम सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। क्या आप जानते हैं? शारीरिक गतिविधि करने से बॉडी में एंडोर्फिन जारी होती है, जो प्राकृतिक मूड लिफ्टर हैं। शारीरिक गतिविधियों में चाहे तेज चलना हो, योग करना हो या जिम टाइम हो। नियमित व्यायाम करना आपके दिमाग और शरीर को संतुलन में रखने में मदद कर सकता है।

### माइंडफुलनेस और मेडिटेशन

माइंडफुलनेस और मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करने से तनाव का स्तर काफी हद तक कम हो सकता है। इसका रेगुलर अभ्यास आपको वर्तमान में जीने और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता हैं।



आपके इस आदत से अतीत के पछतावे या भविष्य की चिंताओं पर सोचने की प्रवृत्ति कम होने लग जाती है। प्रत्येक दिन कुछ मिनटों का ध्यान करना भी बड़ा अंतर ला सकता है।

### हेल्दी भोजन

एक्सरसाइज और ध्यान करने के अलावा, पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार भी आपके मूड पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन से भरपूर आहार जहां एक तरफ मेन्टल हेल्थ को ठीक रखता है। वहीं, इससे चिंता और उदासी के लक्षणों को कम करने में भी मदद मिलती है। अत्यधिक चीनी और कैफीन से बचें, जिससे मूड में बदलाव हो सकता है।

### पर्याप्त नींद

मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहने के लिए नींद काफी महत्वपूर्ण है। कम सोने या नींद में कमी व्यक्ति के जीवन में चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि, आपके दिमाग और शरीर को अच्छी तरह से आराम मिले प्रति रात 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद का लक्ष्य रखें।

### सोशल कनेक्शन

मजबूत सोशल कनेक्शन भावनात्मक रूप से ठीक रहने के लिए जरुरी हैं। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं, सामाजिक गतिविधियों में शामिल हों और ज़रूरत पड़ने पर अपने कनेक्शन से समर्थन मांगें। मीनिंगफुल रिश्ते अपनेपन की भावना प्रदान करते हैं और अलगाव की भावना को कम करते हैं।

### स्क्रीन समय

अत्यधिक स्क्रीन समय, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर, चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकता है। अपने स्क्रीन उपयोग के लिए सीमाएँ निर्धारित करें और ऑफ़लाइन गतिविधियों में शामिल होने के लिए नियमित ब्रेक लें। अपने और अपने आस-पास के लोगों से साथ जुड़ने के लिए डिजिटल डिटॉक्स पर विचार करें।

### हॉबीज में समय बिताना

चाहे आप जिन हॉबीज में आनंद लेते हैं। उसके लिए समय अवश्य निकालें। क्यूँकि, हॉबीज में समय देना आपके तनाव को दूर करने और मूड को बेहतर बनाने का एक तरीका हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम डकोटा को हाथ मिलाना पड़ा महंगा, प्रोजेक्ट से हुई बाहर

हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री डकोटा जॉनसन अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऑडिशन से जुड़ा हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया है। उनके मुताबिक एक बार वह एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं। उनके शिष्टाचार वाली बात की वजह से उन्हें प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। हिट्स रेडियो के साथ बातचीत में जॉनसन ने एक ऐसे 'कॉलबैक ऑडिशन' को याद किया जिसमें उन्हें सेलेक्ट नहीं किया गया। हालांकि उन्होंने उस प्रोजेक्ट का नाम नहीं बताया। उन्होंने बताया कि कैसे वह कमरे में गईं और टीम का अभिवादन किया। इस बात को वह एक सामान्य बातचीत मान रही थीं। हालांकि यह दूसरे पक्ष के लिए असमान्य बात थी। उस पल को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं कमरे में गई, मैंने सबसे हाथ मिलाया और अपना परिचय दिया। सीन पूरा करके वहां से निकलने के बाद मुझे पता चला कि इस तरीके को उस तरह से नहीं लिया गया जैसा मैंने सोचा था। इस पर मिली प्रतिक्रिया काफी अजीब थी।' अभिनेत्री ने आगे कहा 'मुझे जो फीडबैक मिला, वह यह था कि क्योंकि मैं कमरे में जाकर सबसे मिली और हाथ मिलाया, इसलिए मैं बहुत ज्यादा अकड़ लग रही थी। उन्हें लगा कि मैं खुद को बहुत बड़ा समझ रही थी।' इस फीडबैक ने एक्ट्रेस को उलझन में डाल दिया। उन्होंने कहा कि मुझे यह समझ ही नहीं आ रहा था कि एक साधारण सी बात को इतना नकारात्मक तरीके से कैसे लिया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'मैं सोच में पड़ गई कि क्या? मुझे वह काम इसलिए नहीं मिला क्योंकि उन्हें लग रहा था कि मैं 'अकड़' दिखा रही थी? ' इस घटना पर सोचते हुए, जॉनसन ने कहा 'मैंने तो बस शिष्टाचार का पालन किया था।' डकोटा जॉनसन फिल्म 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' में काम करने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म 'स्पलिस्टविले' का प्रमोशन कर रही हैं। इस फिल्म में जॉनसन ने 'जूली' का किरदार निभाया है।



### टॉलीवुड

## यश का खुलासा, इस हॉलीवुड फिल्म से मिलती है 'टॉक्सिक' की कहानी

यश ने अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' की तुलना एक हॉलिवुड फिल्म से की है। इसके साथ ही यश ने बताया कि उनकी यह फिल्म अनोखी और ताजगी भरी है।

कन्नड़ अभिनेता यश इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। 'टॉक्सिक' और 'रामायण' दोनों ही उनकी इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से हैं। हाल ही में यश ने अपनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' की तुलना एक हॉलीवुड फिल्म से की है। 'केजीएफ 2' की रिलीज के चार साल बाद कन्नड़ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' से बड़ी स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म 4 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यश ने हाल ही में अपने प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा के यूट्यूब चैनल 'द मूवी रिपोर्ट' पर बात की। उन्होंने कहा, 'टॉक्सिक एक बहुत अनोखी फिल्म है। इसका मकसद भी 'रामायण' जैसा ही है- अपनी कहानी और प्रतिभा को दुनिया के सामने लाना। इसलिए हमने इसे अंग्रेजी में भी शूट किया है।' यश ने आगे बताया कि ऊपर से देखने पर 'टॉक्सिक' एक गैंगस्टर फिल्म लगती है, लेकिन असल में यह बहुत गहरी और जटिल कहानी है। इसमें एक व्यक्ति के अंदरूनी संघर्ष और उसके अंधेरे पक्ष को खास अंदाज में दिखाया गया है। ज्यादातर बातें रूपकों के जरिए बताई गई हैं। 'टॉक्सिक' एक मूल ऑरिजनल यानी आईपी फिल्म है, जो आजकल बहुत कम मिलती है। यश ने इसे 'सिनर्स' जैसी हॉलीवुड फिल्म से जोड़ा है, जो 2025 में रिलीज हुई। 'सिनर्स' ऑस्कर में 16 नामांकन पाकर इतिहास रच चुकी है। फिल्म 'टॉक्सिक' एक एक्शन ड्रामा पैन इंडिया फिल्म है। इसमें कई बड़ी अभिनेत्रियां एक साथ हैं- नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरेशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया। 'टॉक्सिक' को मूल रूप से मार्च 2026 में रिलीज होना था, लेकिन अब यह 4 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म की कहानी एक गैंगस्टर की है, जिसे गीतु मोहनदास ने निर्देशित किया है।



### भोजपुरी

## जानिए इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले भोजपुरी एक्टर को



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री सुनकर हमें पवन सिंह, निरहुआ, मनोज तिवारी और रवि किशन जैसे नाम याद आते हैं, लेकिन एक एक्टर ऐसे हैं, जिनकी इनसब से ज्यादा फैन फॉलोइंग है। मनोज तिवारी भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार और संगीत निर्देशक हैं। वे 18वीं लोकसभा के सदस्य हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। दिनेश लाल यादव को निरहुआ के नाम से भी जाना जाता है। वे बिग बॉस शो के कंटेस्टेंट भी रह चुके हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 2.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं। रवि किशन एक्टर और टेलीविजन पर्सनालिटी हैं। रवि किशन के इंस्टाग्राम पर 3.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। आम्रपाली दुबे एक भोजपुरी फिल्म और टेलीविजन एक्ट्रेस हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 5.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अंतरा बिस्वास, जिन्हें स्टेज पर मोना लिसा के नाम से जाना जाता है। ये अब तक 125 भोजपुरी फिल्में कर चुकी हैं। मोना लिसा के इंस्टाग्राम पर 5.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पवन सिंह एक एक्टर, राजनेता और म्यूजिशियन हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 6.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं और अपने काम के लिए कई अवॉर्ड्स भी जीत चुकी हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 6.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मैथिली ठाकुर एक सिंगर और पॉलिटिशियन हैं। मैथिली के इंस्टाग्राम पर 8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। खेसारी लाल यादव भोजपुरी के पॉपुलर एक्टर, सिंगर, डांसर और मॉडल हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 8.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

## लाइफ स्टाइल

### मेंसवियर की चुनौती



पेरिस में मेन्सवियर महीने का समापन अपने चरम पर पहुँच गया है। इन व्यस्त दिनों के दौरान इस शहर ने एक सशक्त संदेश प्रस्तुत किया है। इस बार शो में विरासत और चुनौती, भव्यता और संयम के बीच एक बेहतरीन संतुलन देखने को मिला। वैश्विक अभिरुचि को आकार देने वाले प्रतिष्ठित फैशन हाउस से लेकर, डिज़ाइन के स्वरूप और अर्थ को नई दिशा देने वाले स्वतंत्र डिज़ाइनरों तक—पेरिस ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि मेन्सवियर की दुनिया में वह सबसे कठिन और निर्णायक मंच है।-

## गर्मी के मौसम में करा रही हैं हेयर स्पा तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

गर्मियों में बालों को धूप, पसीना, धूल-मिट्टी और उमस से बहुत नुकसान पहुंचता है। ऐसे में हेयर स्पा कराना बालों को पोषण और आराम देने के लिए एक अच्छा उपाय है। हेयर स्पा बालों की डीप कंडीशनिंग का काम करता है, जिससे बालों को पोषण मिलता है और उनकी खूबसूरती बढ़ती है। बालों की जड़े मजबूत होती है साथ ही बाल झड़ना भी कम हो सकते हैं। लेकिन अगर आप गर्मियों में हेयर स्पा करा रहे हैं तो कुछ बातों का खास ध्यान देना चाहिए ताकि इसका पूरा फायदा मिल सके। गर्मियों में हेयर स्पा कराते समय कुछ टिप्स को अपनाने से बाल हेल्दी और चमकदार दिखेंगे। साथ ही स्पा का फायदा भी लंबे समय तक बना रहेगा। इस लेख में जानिए गर्मी के मौसम में हेयर स्पा कराते वक्त किन बातों का ध्यान रखें।

### बालों को धूप से बचाएं

हेयर स्पा के बाद बालों की जड़ें और स्कैल्प बेहद सेंसिटिव हो जाती हैं। ऐसे में धूप में सीधा बाहर निकलना बालों को नुकसान पहुंचा सकता है। कोशिश करें कि हेयर स्पा के बाद कम से कम 24 घंटे तक तेज धूप से बचें।

### स्कैल्प को क्लीन रखें

गर्मी में पसीना और धूल के कारण स्कैल्प में गंदगी जमा हो जाती है, जिससे हेयर स्पा का असर कम हो सकता है। स्पा से पहले बालों को हल्के शैम्पू से धोकर साफ करना जरूरी है।

### ओवर-स्टीम से बचें



गर्मी के मौसम में पहले से ही शरीर का तापमान बढ़ा होता है। ऐसे में हेयर स्पा के दौरान ज़्यादा देर तक स्टीम लेना स्कैल्प को नुकसान पहुंचा सकता है। स्टीम हमेशा सीमित समय तक ही लें।

### हेयर स्पा के तुरंत बाद न धोएं बाल

हेयर स्पा के बाद बालों को कम से कम 24 घंटे तक न धोएं, ताकि इस्तेमाल किए गए प्रोडक्ट्स का पूरा असर हो सके और बालों को पूरा पोषण मिल सके।

### हल्के और प्राकृतिक उत्पाद का इस्तेमाल

गर्मियों में हेयर स्पा के लिए ऐसे प्रोडक्ट्स का चुनाव करें जो केमिकल फ्री हों और जिन में एलोवेरा, आंवला, ब्राह्मी, हिबिस्कस जैसे ठंडक देने वाले तत्व मौजूद हों।

## गर्मी में कौन सा फैब्रिक आपको देगा कंफर्ट लुक, ऐसे चुनें समर



गर्मी के मौसम में कौन सा फैब्रिक सही है? इस बात को लेकर अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस खबर में हम आपको बताएंगे, कुछ ऐसे फैब्रिक के बारे में जिन्हें आप गर्मी के मौसम में पहनकर हल्का महसूस कर सकती है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे मौसम में अधिकतर महिलाएं आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करती है। लेकिन क्या आप जानती हैं, गर्मी के मौसम में कौन सा फैब्रिक पहनना सही होता है। अगर नहीं तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे चार फैब्रिक के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप गर्मी के मौसम में पहन कर आरामदायक महसूस कर सकती है। आइए जानते हैं इन फैब्रिक के बारे में।



### गर्मी के मौसम में ये फैब्रिक है बेस्ट

अगर आप भी गर्मी में किस फैब्रिक के कपड़े पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूजन है, तो बता दें कि गर्मी के मौसम में आप कॉटन के कपड़े ट्राई कर सकती हैं। कॉटन का कपड़ा बहुत हल्का और आरामदायक होता है, जिसे पहनकर आप गर्मी के मौसम में कंफर्टेबल और फ्री महसूस कर सकती हैं। आप कॉटन के कपड़े से तैयार कई ड्रेस ट्राई कर सकती हैं।



### कोटा डोरिया फैब्रिक


गर्मी के मौसम में पसीने की वजह से अगर आप परेशान हो जाती हैं, तो आप कोटा डोरिया फैब्रिक के भी कपड़े ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर भी आप कंफर्टेबल महसूस कर सकती हैं। यही नहीं यह आपको क्लासी और गॉर्जियस लुक देने में भी मदद करेगा। आप इस फैब्रिक के कपड़े ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीद सकती हैं।

### शिफॉन फैब्रिक

गर्मी के मौसम में अगर आप क्लासी और कंफर्टेबल लुक पाना चाहती हैं, तो शिफॉन फैब्रिक को भी चुन सकती हैं।

## लेडीज पर्स आपके आउटफिट को बनाएंगे अट्रैक्टिव, आजमाएं

अपने आउटफिट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं जहां बेस्ट एक्सेसरीज़ का चुनाव करती हैं। तो वहीं इसके साथ पर्स भी स्टाइल करती हैं। पर्स आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के इस आर्टिकल में दिखाए गए लेटेस्ट डिजाइंस वाले पर्स स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह के पर्स में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।



### एम्ब्रॉयडरी क्लच पर्स


अपने आउटफिट के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वाले क्लच पर्स का चुनाव कर सकती हैं। इस क्लच पर्स में एम्ब्रॉयडरी की गई है साथ ही, इसमें फ्लोरल पैटर्न में डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का एम्ब्रॉयडरी क्लच पर्स आप ऑनलाइन या ऑफ लाइन इन दोनों ही जगहों से 400 रुपये में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी क्लच पर्स को आप लाइट कलर की साड़ी या सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में अप इस तरह पर्स का भी चुनाव सकती हैं यह पर्स गोल है साथ ही, इसमें बेहद ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई हैं। इस तरह का पर्सआप सूट, साडी साथ ही ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह पर्स आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से 200 से 300 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

## वीकेंड पर स्किन केयर के दौरान कर लें ये काम, हफ्ते भर चमक सकता है चेहरा

गर्मी का मौसम हो या ठंड का मौसम महिलाएं हर मौसम में अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के प्रयास में जुटी रहती है। हर महिला चाहती है कि वह सबसे खूबसूरत और स्टाइलिश दिखे। ऐसे में कुछ महिलाएं बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं, तो वहीं कुछ महिलाएं घरेलू उपाय आजमाती है। ऐसे में अगर आप वर्किंग वुमन है और अपनी स्किन की देखभाल सिर्फ वीकेंड पर ही कर पाती हैं, तो आप ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं कुछ टिप्स वीकेंड पर कर अपने चेहरे को खूबसूरत बना सकती हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं हर एक प्रयास करने को तैयार हो जाती है। ऐसे में अगर आप वीकेंड पर अपनी खूबसूरती को निखारती हैं, तो आप कुछ टिप्स को फॉलो कर अपने चेहरे को और खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आप अपनी स्किन के टाइप के हिसाब से अपने चेहरे पर कुछ चीजों का इस्तेमाल कर सकती है।



### चेहरे की मसाज करें

ब्यूटी एक्सपर्ट ने आगे कहा कि अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो आप वीकेंड पर अपने चेहरे पर नीम ऑयल, टी ट्री ऑयल दोनों को मिलकर अपने चेहरे की मसाज कर सकती है। ऑयल मसाज आपके चेहरे के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। हफ्ते में एक बार अगर आप ऑयल मसाज करती हैं, तो इससे आपके चेहरे की ऑइली स्किन को कम किया जा सकता है और चेहरे को खूबसूरत बनाया जा सकता है। अगर आपकी स्किन ड्राई है, तो आप हर वीकेंड बादाम रोगन और विटामिन ई कैप्सूल दोनों को मिलाकर अपने चेहरे पर ऑयल मसाज कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### मौसम के हिसाब से चुनें बेस्ट डील

## गर्मी के लिए सस्ते और स्टाइलिश ड्रेस, घर पर या कहीं पहन कर जाने के लिए हैं परफेक्ट

महंगाई के दौर में सस्ता और अच्छा मिलना सौभाग्य की बात है। इस समय हर चीज की कीमत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में आपके लिए कुछ बेस्ट डील मौजूद हैं। यहां पर कुछ सस्ते और अच्छे कपड़े की जानकारी देने आए हैं। ये सभी ड्रेस ब्रांडेड हैं जिनकी क्वालिटी को लेकर सोचना ही नहीं है।

क्योंकि, सोशल मीडिया जैसे-फेसबुक, इंस्टाग्राम पर कपड़ें सस्ते दाम पर बिकते हैं। मगर ऑर्डर करने के बाद आते कुछ और हैं। साथ ही कई बार पैसे देने के बाद ऑर्डर पहुंचता नहीं है। मगर आपको इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां जो दिख रहा है वहीं, आप तक पहुंचेगा।

### वैसे समर सीजन में किस तरह के ड्रेस खरीदने की सोच रहे हैं-

अगर गर्मी में आरामदेह और स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं तो फिर इन्हें खरीदें। इनको आप घर पर पहनकर रह सकते हैं। इसके अलावा यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो भी ये परफेक्ट



लुक देंगे। वैसे भी लॉकडाउन में कहां निकलना है तो फिर ऐसे ही हल्के और सस्ते ड्रेस क्यों न लें। अगर आप इस तरह के ब्रांडेड ड्रेस कम कीमत पर खरीदना चाहते हैं तो यहां देखें।

### टी-शर्ट

गर्मी में टी-शर्ट पहनना किसे पसंद नहीं है। ये बेहद आरामदेह जो होती है। इसलिए हम आपके लिए यहां पर नई टी-शर्ट की जानकारी दे रहे हैं। इसको आप अपने समर वार्डरोब में शामिल करें। क्योंकि पुरानी टी-शर्ट को कब तक पहनेंगे। अगर सस्ते दाम पर नई टी-शर्ट मिल रही है तो बदल लेने में ही भलाई है। आप यहां पर प्रिंटेड टी-शर्ट को काफी कम दाम पर खरीद सकते हैं। यहां पर कीमत देखिए, इस कीमत में क्या मिलता है, मगर आपको टी-शर्ट मिल रही है। इसलिए बेहिचक ले लें अगर आपको ये स्टाइल पसंद नहीं आ रही है तो नाराज न हो। क्योंकि यहां पर एक के अलावा भी विकल्प मौजूद हैं। इसकी कीमत भी काफी कम है। यकीनन आपको इस दाम में ब्रांडेड टी-शर्ट कहां मिलने वाली है:-टी-शर्ट खरीदने के लिए यहां देखें

इन सबके अलावा कलरब्लॉक्ड टी-शर्ट भी गर्मी में खूब पहने जाते हैं। सच पूछो तो ये देखने में काफी अट्रैक्टिव होते हैं। आपको कम से कम एक टी-शर्ट अपने वार्डरोब में इस स्टाइल का रखना चाहिए।

### स्लीवलेस टी-शर्ट

प्रिंटेड स्लीवलेस टी-शर्ट गर्मी में सबसे अधिक पहनी जाती हैं। लड़कों को ये बेहद पसंद आती है। क्योंकि इससे ज्यादा आरादेह और स्टाइलिश कुछ नहीं। अगर आप अपने आर्मपिट के पसीने से परेशान हैं तो ऐसे में इस तरह के स्लीवलेस टी-शर्ट पहनें।



# श्रमिक हित में बीएमएस ने मांगा न्यूनतम वेतन और ईएसआईसी की सुविधा

## भारतीय मजदूर संघ का शक्ति प्रदर्शन, रसमड़ा में कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंजोरा

समीपस्थ औघोगिक ग्राम रसमड़ा में भारतीय मजदूर संघ कार्यालय का उद्घाटन दुर्ग जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के मुख्यआतिथ्य में किया गया। जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ मिथलेश विश्वकर्मा ने अध्यक्षता की। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ भाजपा तेखन सिंह सिन्हा, अध्यक्ष नगर निगम भिलाई शशिभूषण मोहंती, जिलाउपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष खदान मजदूर संघ नंदिनी अशोक शर्मा और जिला महामंत्री निर्वाणी मजदूर संघ देवेन्द्र चंद्राकर उपस्थित थे।

इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियो एवं श्रमिको के सुझाव पर कंपनी प्रबंधन एवं शासन-प्रशासन को अवगत कराने प्रमुख मांगो को शामिल किया गया। इनमें मांग की गई कि सभी वृहत, मध्यम एवं लघु उद्योगो में न्यूनतम वेतन लागू हो। अकुशल से अर्द्धकुशल, कुशल एवं अति कुशल की श्रेणी में पदोन्नोनति एवं वेतन वृद्धि किया जाये। भविष्य निधि (पीएफ) एवं स्वास्थ्य सुविधा (ईएसआईसी) सभी श्रमिको पर लागू हो। कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सुरक्षा उपकरण प्रदान की जाए। ओवर टाइम पर डबल वेतन दिया जाए। वैतनिक साप्ताहिक अवकाश दिया जाये। 20 लाख की दुर्घटना बीमा कराया जाये। ईएसआईसी हास्पिटल चौबीस घंटे चालू हो। महिला श्रमिको के लिए अलग से शौचालय एवं रेस्ट रूम की व्यवस्था हो। श्रमिकों को लीवबुक प्रदान की जाए जिसमें ई.एल. सी.एल. एवं अन्य आवश्यक जानकारियाँ दर्ज हो। उद्योग क्षेत्र में आने-जाने वाले सभी ट्रक ड्राईवरो एवं हेल्परो के लिये रैनबसेरा कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। औद्योगिक क्षेत्र को प्रदूषणमुक्त व स्वच्छ बनाया जाए एवं भविष्यनिधि का कार्यालय दुर्ग जिले में भी खोला जाये।




### जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ मिले सभी श्रमिकों को

जिलामंत्री भारतीय मजदुर संघ श्री हरिशंकर तिवारी ने आव्हान किया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं श्रम कल्याण मंडल के सभी संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी को मिले इसके लिये कार्यालय में संपर्क साधे साथ ही साथ ज्याद से ज्यादा श्रमिकजन भारतीय मजदुर संघ से जुड़ें। जिससे उनकी समस्याओ को प्राथमिकी तौर पर निराकरण के लिये पहल की जा सके। सभा को संबोधित करते हुये जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने युनियन नेताओ से अपील की कि शासन के द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ आवश्यक रुप से सभी कार्यरत श्रमिको को मिले, इसके लिये कंपनी प्रबंधनो एवं श्रमिको के बीच आपसी सम्नवय मार्ग प्रशस्त करते हुए शासन की योजनाओ का लाभ दिलाये। कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से पूर्वसरपंच रामखिलावन यादव, श्रमिक प्रतिनिधि एवं कार्यालय प्रभारी प्रमिला देवागंन, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पुष्पा सिंह, रुपेश कुमार यादव, भगवानी राम साहू, त्रिभूवन वैष्णव, राजकुमार शर्मा, तुलसी यादव, चमन यादव, देवप्रसाद साहू, रामु निर्मलकर, कुमार लहरे धनसाय यादव, राजेश देशमुख निर्मलकर, छोटु यादव शिव निर्मलकर, रामनारायण निषाद, सुनील निर्मलकर उत्तम वैष्णव और राजू निर्मलकर आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### भक्ति वर्मा ने किया नगर का नाम रोशन



**धमधा।** नगर के राइस एंड शाइन विद्यालय में अध्यनरत भक्ति वर्मा ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। भक्ति वर्मा संध्या लीलाधर वर्मा की सुपुत्री एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक खोम लाल वर्मा की सुपौत्री हैं। भक्ति वर्मा के अच्छे अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित करने पर शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मेधावी बच्चों को ईडी ने किया सम्मानित

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने को इस्पात भवन में सीबीएसई कक्षा दसवीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने मेधावी छात्र अथर्व वार्ष्णेय एवं नलिनी दडसेना को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी गण एबी श्रीनिवास, जेएन ठाकुर, अमूल्य प्रियदर्शी, संजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक शिखा दुबे, सौमिक डे तथा प्राचार्य (सीनियर सेकेंडरी स्कूल-10) सुमिता सरकार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। डीपीएस दुर्ग के छात्र अथर्व वार्ष्णेय जो महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय के पुत्र हैं। उन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल-10 की छात्रा नलिनी दडसेना ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। । नलिनी दडसेना सयंत्र कर्मचारी इंजीनियरिंग एसोसिएट गिरीश कुमार दडसेना की पुत्री हैं।

### षड्यंत्र के खिलाफ एकजुट हुआ साहू समाज



**पाटन।** तहसील साहू संघ, पाटन (जिला दुर्ग) ने अपने पदाधिकारी महेंद्र साहू के विरुद्ध साजिश का आरोप लगाते हुए कड़ा रुख अपनाया है। संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कुछ "पराजित मानसिकता" से ग्रसित लोग सुनियोजित तरीके से दुष्प्रचार फैलाकर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। तहसील साहू संघ, पाटन लालेश्वर साहू अध्यक्ष, डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, विमला साहू–उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र साहू–संगठन सचिव और भुनेश्वरी साहू–संगठन सचिव ने कहा कि आगामी 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित तहसील स्तरीय माता कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम के बाद भी यदि इस तरह की गतिविधियां जारी रहीं, तो समाज लोकतांत्रिक और संगठित तरीके से जवाब देने को बाध्य होगा।

### निधन

### दयालु राम ठाकुर

**सेलूद।** शास्त्री चौक सेलूद निवासी दयालु राम ठाकुर (70) का निधन हो गया। वे गंगोत्री बाई ठाकुर के पति, महेन्द्र ठाकुर के पिता, नंदकुमार ठाकुर चंदुलाल ठाकुर के बड़े भाई व लक्की, नायुष व योगेन्द्र के दादा थे। अंतिम संस्कार के मौके पर गांव समाज व परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## टीम ने भिलाई में 109 व अहिवारा में 40 घरों में किया भ्रमण

# भिलाई व अहिवारा में स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिले पीलिया के नए मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भिलाई के 109 व अहिवारा में 40 घरों का शुक्रवार को भ्रमण किया। टीम को पीलिया का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। उक्त संक्रमित क्षेत्र में पूर्व के कुल 37 पीलिया के मरीज हैं।

वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 17 अप्रैल को डॉ. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज दानी, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे जिला सर्वेलेंस अधिकारी के मार्गदर्शन में विजय सेजुले, सुपरवाइजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 109 घरों का भ्रमण किया। टीम को कोई भी पीलिया से ग्रसित नए मरीज़ नही मिले। उक्त संक्रमित क्षेत्र में पूर्व के कुल 37 पीलिया के मरीज है। जिनमें से 2 पुराने मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, भिलाई में उपचाररत है। 1 पुराना जिला चिकित्सालय का मरीज़ डिस्चार्ज हुए। प्रभावित क्षेत्र में नगर निगम भिलाई की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लक्षणयुक्त मरीजों की सीबीसी/एलटीएफ/आरटीएफ/विडाल व अन्य आवश्यक जांच की जा रही है, वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।






### धमधा में नहीं मिले नये मरीज

विकासखण्ड धमधा अंतर्गत 16 अप्रैल को वार्ड नं-05,06,07 अहिवारा में पीलिया की मरीजों की जानकारी होने पर आज डॉ.सी.बी.एस.बंजारे जिला सर्वेलेंस अधिकारी, रितिका सोनवानी जिला महामारी विशेषज्ञ , खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना अग्रवाल एवं विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रिचा मेश्राम, गोविंद सिंह उद्दे बी.ई.टी.ओ. एवं बलराम वर्मा सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ 40 घरों का भ्रमण किया गया जिसमें कोई भी नये पीलिया से ग्रसित मरीज नहीं मिले। आज तक कुल 12 पीलिया के मरीज हैं। 6 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती किये गए। कुल 3 मरीज उपचार ले रहे है। वर्तमान में जिनकी स्थिति सामान्य है। नगर पालिका अहिवारा द्वारा पाईप लाईन की मरम्मत की जा रही है व जांच की जा रही है। वर्तमान में स्थिति पूर्णता नियंत्रण में है।

### इन लक्षणों के होने पर तत्काल इलाज कराएंः डाक्टर

सीएमएचओ ने कहा है कि पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रगट होते है। पीलिया के प्रमुख लक्षण भूख न लगना, पीले रंग की पेशाब होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना, सिर में दर्द होना एवं कमजोरी तथा थकावट का अनुभव करना, पेट के दाहिने तरफ उपर की ओर दर्द होना, आंखे व त्वचा का रंग पीला होना है।

# गंभीर मुद्दों पर भी प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान : शहर कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई नगर

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने शासन प्रशासन में बैठे जनप्रतिनिधि- अधिकारियों पर गैर जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सब कुछ जानते हुए भी यह जनप्रतिनिधि और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहते हैं और समय पर कोई भी काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि हाल ही में कई ऐसे मुद्दे लोगों के सामने आए जिनसे आमजन प्रभावित होता है। लेकिन इन मुद्दों की ओर देखने का समय भी प्रशासनिक अधिकारियों के पास नहीं है।



- डेढ़ वर्ष बाद भी पार्षद रहित वार्डों में चुनाव नहीं : चंद्राकर

भिलाई नगर निगम के 1 वार्ड और रिसाली नगर निगम 02वार्ड में पिछले डेढ़ वर्षो से खाली पड़े वार्डो का जिक्र करते हुए श्री चंद्राकर ने बताया कि कांग्रेस की ओर से कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इस और दिलाया गया, लेकिन कोई पहल नहीं हुई। ऐसी जानकारी मिली है कि अब इन रिक्त पड़े वार्डों में चुनाव की तैयारी की जा रही है जबकि दोनों नगर निगमों के स्थानीय सरकार के कार्यकाल खत्म होने में अब सिर्फ 7 माह बचे हैं। संभावना है कि नवंबर माह में दोनों निगमों में चुनाव संपन्न किए जाएं। पार्षदरहित इन वार्डो के लोग पिछले डेढ़ वर्ष से परेशान हैं क्योंकि इन वार्डो में कोई काम नहीं हो रहा, नहीं कोई जवाबदेही लेने को तैयार है। क्या निर्वाचन आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती ?

### घटिया साड़ी वितरण से पहले जांच क्यों नहीं ?

श्री चंद्राकर ने कहा कि हाल ही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को घटिया गुणवत्ता वाली साड़ी का वितरण किया गया। वितरण से पहले जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इसकी जांच क्यों नहीं ? अब जब मामला सामने आया है तो वह अपना पल्ला झाड़ कर किसी और को बलि का बकरा बना रहे हैं। निजी स्कूलों में काफी किताब बेचने और स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 1500 रू शुल्क लिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह सारी जानकारी यहां के जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को है।

### कानून व्यवस्था कमजोर हुई

श्री चंद्राकर का कहना है कि कानून व्यवस्था भी कमजोर हुई है। अपराधों में तेजी आई है, चोरी हत्या लूट के मामले बढ़े हैं। घटना होने के बाद पुलिस को इसकी जानकारी होती है। पुलिस का मुखबिर तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है इनके मुखबिर कहां गए पता नहीं, क्योंकि अपराध होने के बाद ही पुलिस जागती है। प्रदेश में हो रही अफीम की खेती का मामला उठाते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि दो-चार आरोपी बनाकर इस गंभीर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इस खेती के पीछे आखिर कौन लोग थे ?

# लकड़ी से लदा वाहन घर में घुसा पेड़ों की अवैध कटाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दारगांव में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां लकड़ी से लदी एक गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर एक ग्रामीण के घर में जा घुसी। घटना में घर को काफी नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस घर में गाड़ी घुसी वह बहल राम साहू का बताया जा रहा है। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।



### अवैध लकड़ी कटाई का मामला फिर गरमाया

इस घटना के बाद क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन का मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दारगांव मार्ग के जरिए लंबे समय से अवैध लकड़ी की ढुलाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य सड़कों पर पुलिस की सख्ती के कारण तस्कर अब अंदरूनी और ग्रामीण रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे ऐसे हादसों की संभावना बढ़ गई है।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी कारण अवैध कटाई और परिवहन पर रोक नहीं लग पा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को ले भागा आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में अज्ञात आरोपी द्वारा 12 मार्च को एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका एवं आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत विवेचना के दौरान बालिका के बिरकोनी जलि महासमुंद में होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को आरोपी राजकुमार वर्मा 21 वर्ष के कब्जे से बिरकोनी जलि महासमुंद से बरामद किया गया। आरोपी द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाकर शारीरिक शोषण किया जा रहा था।

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता श्रीमती विनल राठौड चौहान ध.प. प्रतीक डी चौहान, उम्र 35 वर्ष, आधार कार्ड क्र. 7908 0001 5398 निवासीः ग्राम वार्ड क्र. 15 भारती विद्यालय स्कूल के सामने कुम्हारी, तह. भिलाई-3 जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूँ, जो कि निम्नलिखित शपथ पत्र प्रस्तुत करती हूँ कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त दिये गये पते पर निवास करती हूँ। 2. यह कि मेरा विवाह प्रतीक डी चौहान पिता धीरज ए चौहान के साथ दिनांक 07.02.2015 को ग्राम रायपुर छ.ग में संपन्न हुआ है। 3. यह कि मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम विनल राठौड (VINAL RATHOD) था, तथा मेरे विवाह के पश्चात् मेरा नाम विनल राठौड चौहान (VINAL RATHOD CHAUHAN) हो गया है। 4. यह कि मेरे सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेज शैक्षणिक प्रमाण पत्र मे मेरे विवाह के पूर्व का नाम विनल राठौड (VINAL RATHOD) दर्ज है। तथा मेरे शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड कं. BIVPC1212J मे मेरे विवाह के पश्चात् का नाम विनल राठौड चौहान (VINAL RATHOD CHAUHAN) दर्ज है। जो कि सत्य है। 5. यह कि विनल राठौड चौहान (VINAL RATHOD CHAUHAN) एवं विनल राठौड (VINAL RATHOD) दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है। 6. यह कि भविष्य में मेरे नाम व उपनाम के संबंध में किसी प्रकार का दावा आपत्ति आता है तो उसके लिए मै स्वयं जिम्मेदार रहूँगी। 7. यह कि उक्त शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

स्थानः-भिलाई- 3,
दिनॉकः -16 अप्रैल 2026

शपथकर्ता
(विनल राठौड चौहान)

**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव (आर) के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604101700015/**
**मामले की श्रेणी- राजस्व**

विषयः- अ-47 सन्:-2025-2026
भैंसबोड़ (प.ह.न. 00049),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार नरेन्द्र चन्द्राकर,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग.,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम भैंसबोड प.ह.नं. 49 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक नरेन्द्र चन्द्राकर पिता टिकाराम चन्द्राकर, निवासी भैंसबोड तह. पाटन, जिला दुर्ग द्वारा ग्राम भैंसबोड, प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. जामगांव आर, तह. पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न. 228, 230, 234/2, 387/3 रकबा क्रमशः 0.11, 0.10, 0.31, 0.01 हे. कुल ख.न. 04 कुल रकबा 0.50 हे. नरेन्द्र आ. टिकाराम जाति कुर्मी, निवासी भैंसबोड तह. पाटन, जिला दुर्ग के नाम पर भूमिस्वामी हक में वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त खाते की ऋण पुस्तिका गुम हो गई जिसके कारण लेन देन करने में परेशानी हो रही है। ऋण पुस्तिका गुम हो जाने की सूचना थाना जामगांव आर में दी गई। आवेदित खाते की द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका दिलाये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ खाते का बी-1 नक्ल, चलान की प्रति, थाने मे की गई रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है।

अतः उपरोकतानुसार द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 01.05.2026 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

MAMTA TAWARI
नायब तहसीलदार जामगांव
आर तहसील - पाटन



# बाबा साहेब की जयंती पर वृद्धा आश्रम में किया सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पुलगांव स्थित वृद्धा आश्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ढालेश साहू के नेतृत्व में सेवा कार्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई, जिसके पश्चात आश्रम में निवासरत बुजुर्गों को टोस्ट, बिस्कुट, जूस एवं फल का वितरण किया गया।

- बुजुर्गों व श्रमिकों का सम्मान, फल, बिस्कुट व जूस का वितरण

इस अवसर पर श्रमिक साथियों का भी सम्मान किया गया तथा उन्हें बिस्कुट एवं केला वितरित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता और सेवा भावना का विशेष माहौल देखने को मिला।

उपस्थित प्रमुख जनों में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ढालेश साहू, ग्रामीण साहू समाज रिसामा के अध्यक्ष गीतेश्वर साहू, किसान नेता बालाराम, दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश साहू, सचिव दिनेश राजपूत, कोषाध्यक्ष दयाराम साहू, सदस्य श्रीमती राजेश्वरी साहू, संरक्षण सनद देवांगन, सदस्य अलीराम साहू, सुशील साहू, अशोक कुमार, साथ ही जिला अध्यक्ष क्रांति सेना ऋषि साहू एवं युवा समाज सेवी सुमंत साहू भी शामिल रहे।

इस अवसर पर ढालेश साहू ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहेब के सामाजिक न्याय, समानता एवं सेवा के संदेश को आत्मसात करते हुए समाज के बुजुर्गों एवं श्रमिक वर्ग के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

### अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण

**भिलाई।** पुलिस लाइन दुर्ग में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को आगजनी जैसी आपात परिस्थिति में तुरंत, सुरक्षित व प्रभावी कार्रवाई को लेकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण जिला सेनानी नागेन्द्र सिंह द्वारा अग्निशमन यंत्रों के प्रकार, उनके उपयोग की विधि, आग के विभन्नि प्रकारों की पहचान, अनुरूप नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में उसे नियंत्रित करने की सुरक्षित तकनीक, आग के फैलाव को रोकने के उपाय, जोखिमपूर्ण में स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए काम कर व्यावहारिक प्रदर्शन करने को कहा गया है। आगजनी की घटनाओं के दौरान पुलिस की भूमिका, रेस्क्यू ऑपरेशन, आमजन की सुरक्षा, स्थल पर त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने को लेकर ट्रेनिंग दी गई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
धमधा-1
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ :- जिला- दुर्ग तहसील-धमधा प.ह.न.-00026
पंडरीतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध
प्रकरण क्रमांक-. RD202526430212200002

**ईश्तहार**

तहसील धमधा के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम पंडरीतराई के वर्तमान भूमिस्वामी महेश नचरानी पिता/पति-पि. राधा किशन पता-रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1067/2 (0.4000), 1073/1 (0.2100) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/ क्रेता मनीषा अन्दानी पिता/पति-अजय कुमार अन्दानी पता-झूलेलाल मंदिर के सामने सिंधी कॉलोनी दुर्ग, हेमंत बजाज पिता/ पति-चुन्नीलाल बजाज पता-22/7/564/ के 3, फाफाडीह रायपुर, भीषम लाल सुन्दरानी पिता/ पति-स्व. शिव दोनोमल सुन्दरानी पता-रावलानी नर्सिंग होम के पास कटोरा तालाब के पास रायपुर, चुन्नीलाल बजाज पिता/पति-गंगूमल बजाज पता-फाफाडीह रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा-1 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
YOGESH SINGH RAJPUT
तहसील-धमधा

**प्रारूप एक**
**समाचार पत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं प्रियांशु सिंह आ. संजय कुमार सिंह (PRIYANSHU SINGH S/O SANJAY KUMAR SINGH ) पता- प्लॉट नंबर-5 कैलाश नगर चर्च रोड़, हाउसिंगबोर्ड भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) पुराना नाम प्रियांशु सिंह आ. संजय सिंह (PRIYANSHU SINGH S/O SANJAY SINGH) जिसे बदला जाना है, ने अपना नाम प्रियांशु सिंह आ. संजय सिंह (PRIYANSHU SINGH S/O SANJAY SINGH) (पुराना नाम) से बदल कर प्रियांशु सिंह आ. संजय कुमार सिंह (PRIYANSHU SINGH S/O SANJAY KUMAR SINGH) (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर पुराने नाम से
प्रियांशु सिंह



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जुआ-सट्टा के खिलाफ कार्रवाई, गिरफ्तार

**भिलाई।** जुआ सट्टा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई करते हुए दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।



धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम तुमाकला जरहा तुमा के बीच डबरी पार में जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिली। टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दो को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपना नाम ग्राम तुमाकला धमधा दुर्ग निवासी अब्दुल जब्बार, जालबांधा त्रिलोक जैन बताया गया है। इनके पास से पुलिस ने नगदी रकम 4,300 रुपये, मोबाइल जब्त किया है। कार्रवाई में धमधा प्रभारी रामनारायण ध्रुव समेत उनकी टचीम का योगदान रहा है।

### पुलिस कर्मी के बेटे पर चाकू से हमला



**भिलाई।** पुलिस कर्मी के बेटे पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि घायल युवक का नाम टिकेश्वर यादव 25 वर्ष है। अज्ञात आरोपियों ने टिकेश्वर को फोन कर मैदान में बुलाया था। जैसे ही टिकेश्वर मैदान पहुंचा हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में युवक के पेट, सिर और छाती में गंभीर चोटें आई हैं। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल टिकेश्वर के पिता भोलानाथ साहू सीएफ बटालियन में पदस्थ हैं। खबर लगते ही मौके पर थाना प्रभारी नवीन राजपूत, मोहन नगर पुलिस टीम और सीएसपी दुर्ग अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी घटना को लेकर पूछताछ किया। मामले को लेकर पुलिस ने कुछ हमलावरों को पकड़ लिया है। हमला करने वालो की टिकेश्वर की क्या रंजिश थी और क्यों हमला किया। इसे लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# मरम्मत के बाद खुला खारून ब्रिज, डेढ़ लाख वाहनों का होता है हर दिन आना-जाना

## समय से पहले काम हुआ पूरा, मरम्मत काम 16 दिनों में ही हुआ कंप्लीट, यात्रियों को होती थी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर और दुर्ग के बीच स्थित कुम्हारी क्षेत्र में खारुन नदी पर बने पुल की मरम्मत का कार्य समय से पहले 16 दिनों में पूरा हो गया है। प्रशासन ने कार्य के लिए 30 दिन का समय मांगा था। लेकिन बेहतर समन्वय और तेज गति से इसे आधे समय में ही पूरा कर लिया। शुक्रवार को दोनों पुलों को आम नागरिकों और वाहनों के लिए सुरक्षित रूप से खोल दिया गया। लंबे समय से प्रभावित ट्रैफिक व्यवस्था एक बार फिर सुचारु हो गई है। खारुन नदी पर बने इन पुलों से प्रतिदिन 1.50 लाख वाहनों का आना जाना लगा रहता है। मरम्मत कार्य के दौरान मार्ग पर आंशिक प्रतिबंध के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। लंबा जाम भी लगा रहता था, पुल के दोबारा खुलने से रायपुर और दुर्ग के बीच आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों, कामकाजी आदि को बड़ी राहत मिली है। मरम्मत कार्य की सफलता में पुलिस और प्रशासन का बेहतर समन्वय महत्वपूर्ण रहा। दुर्ग और रायपुर पुलिस ने मिलकर ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला। दोनों जिलों के 70 से 80 ट्रैफिक जवान, अधिकारी प्रतिदिन सुबह-शाम पुल,संबंधित प्रमुख मार्गों पर तैनात रहते थे। इन जवानों ने वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट कर जाम की स्थिति को नियंत्रित रखा। एसएसपी विजय अग्रवाल ने स्वयं हर दूसरे-तीसरे दिन मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस सतत निगरानी के कारण ही मरम्मत कार्य बिना किसी बड़े व्यवधान के समय से पहले पूरा हो सका। टाटीबंध चौक, रायपुरा ब्रिज, सिलतरा बायपास जैसे स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात रहा।



### ट्रायल के बाद ही आना हुआ शुरू

निर्धारित समय से पहले काम पूरा करने के लिए ठेका कर्मियों ने दिन रात काम किया। रात में पुलिस बल कम रहने के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। काम पूरा होने के बाद पुल पर ट्रायल रन किया गया। सभी सुरक्षा मानकों की जांच के बाद ट्रायल सफल रहा। शुक्रवार से दोनों पुलों पर ट्रैफिक पूरी तरह शुरू कर दिया गया। दोनों पुल खुलने के साथ ट्रैफिक सामान्य हो चुका है। प्रशासन के मुताबिक पुल पूरी तरह सुरक्षित है,अब किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

## मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर चौथी लाइन निर्माण के लिए टेंडर एवार्ड

# दो साल बाद कम हो जाएगी भिलाई से रायपुर की दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

चौथी लाइन बिछाने के लिए स्थल समतलीकरण व रेल पांच गिराने का काम शुरुपरियोजना के पूर्ण हो जाने से 140 किमी गति से दौड़ेंगी ट्रेनें, सुगम होगा ट्रैफिकक्या आप भिलाई और रायपुर के बीच रोज ड्यूटी या कालेज आने जाने के लिए रेल मार्ग से सफर करते हैं? सफर के दौरान कहीं माल गाड़ियों या सुपर फास्ट ट्रेनों की पासिंग के लिए आपको बोरिंग भरा इंतजार तो नहीं करना पड़ता है। इस दौरान कभी आपको यह महसूस होता है कि आधा घंटा की यह यात्रा काश पांच दस मिनट कम हो जाती तो वे वक्त पर गंतव्य स्थल पहुंच जाते। तो अब आपको ज्यादा चिंतित होने की जरुरत नही है, वह दिन दूर नहीं जब आप पांच से दस मिनट पहले अपना सफर कंपलीट कर लेंगे। यह सौगात आपको महज दो साल बाद मिल जाने के आसार हैं। यह संभव होगा मुंबई -हावड़ा रेल मार्ग पर दुर्ग रायपुर के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से ।मुंबई हावड़ा रेल मार्ग पर बिलासपुर मंडल के तहत दुर्ग से भिलाई तक चौथी रेल लाइन बिछाने के निर्माण कार्य में अब तेजी आएगी। भारतीय रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत पिछले साल हुए सर्वे बाद अब टेंडर एवार्ड होने के बाद दुर्ग से रायपुर तक 40 किमी तक चौथी लाइन का ट्रैक बिछाने का निर्माण का प्रारंभिक कार्य शुरु हो गया है।

इसके लिए भिलाई नगर स्टेशन से रायपुर तक चौथी लाइन निर्माण के लिए नेहरु नगर से पावर हाउस के आगे तक पेड़ों की कटाई बाद स्थल का समतलीकरण, रेल पांतों को साइट में गिराने का काम चल रहा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक दुर्ग से रायपुर तक चौथी लाइन निर्माण का कार्य वर्ष दिसंबर 2028 तक यानी मात्र दो साल में पूर्ण करने का लक्ष्य है। रायपुर के आगे निपनिया और बेरला के निकट तो रेल लाइन बिछाने का काम शुरु हो गया है। दुर्ग से भिलाई तक चौथी लाइन के लिए स्थल सफाई, समतलीकरण, ट्रैक के पूर्व कांक्रीटकरण और रेल डिस्पेज आदि का काम पूर्ण होते ही जल्द ही रेलवे लाइन बिछाने का काम शुरु कर दिया जाएगा। भारत की स्वतंत्रता के 10 साल पूर्ण होने पर वर्ष 2047 तक विकसित भारत विजन के पीएम मोदी के लक्ष्य के तहत इंडियन रेलवे का भी आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण किया जा रहा है। इस ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत चौथी लाइन निर्माण की योजना मुकम्मल हो जाने से यात्रियों का सफर और अधिक तेज, सुरक्षित तथा आरामदेह हो जाएगा। एक्सप्रेस व फास्ट लोकल गाड़ियों को दुर्ग से रायपुर पहुंचने में पांच से दस मिनट कम लगेंगे यानी मात्र बीस से पच्चीस मिनट में मुसाफिर गंतव्य स्थल तक पहुंच जाएंगे।

### बढ़ेंगी पैसेंजर व गुड्स गाड़ियां

चौथी लाइन का निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद यात्रियों को अधिक राहत मिलने के साथ रेलवे को भी लाभ होगा। मुंबई हावड़ा रेल मार्ग पर नागपुर से बिलासपुर तक चौथी लाइन बिछाई जाना है। इस मार्ग पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक दुर्ग से रायपुर के बीच होने से सबसे अधिक परेशानी भी यहीं होती है। इस मार्ग पर अब न सिर्फ ट्रैफिक सुगम होगा बल्कि यात्री गाड़ियों की गति 130 से 140 किमी तक व संख्या बढ़ जाने से यात्रियों को सुविधा होगी। साथ ही माल गाड़ियों की भी तादाद बढ़ने से माल भाड़ा से रेलवे का मुनाफा भी बढ़ जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक तीसरी लाइन बिछ जाने के बाद यात्री ट्रेनों की संख्या मात्र एक साल में 108 से बढ़कर 138 हो गई है।

### समतलीकरण बाद रेल डिसपेचिंग में आएगी तेजी





### ढाई सौ पेड़ों सुरक्षित किया शिफ्ट

भिलाई दुर्ग के बीच चौथी लाइन के निर्माण के लिए यहां यहां मैनुअल काम के साथ अत्याधुनिक मशीनों का भी उपयो किया जा रहा ही है। वहींकरीब ढाई सौ पेड़ों सुरक्षित अन्यत्र शिफ्ट किया गया। रेल लाइन व स्लीपर की फिटिंग के लिए इलेक्ट्रानिक लोको व क्रेन आदि मशीनों को उपयोग होगा। वहीं पेड़ों के शिफ्टिंग के लिए रेलवे ने एक प्रसिद्ध पर्यावरणीय एनजीओ को अनुबंध किया था। इस संस्था द्वारा 32 बंग्ला से लेकर भिलाई तीन तक लगे दो सौ से ढाई सौ हरे भरे पेड़ों की कटाई नहीं की बल्कि इन्हें पर्यावरणीय विधि से उखाड़कर आधा एक किमी दूरी पर ट्रैक के किनाने ही रोपित कर दिया। भिलाई के अलावा रायपुर में भी ट्रैके के बीच आने वाले करीबन डेढ़ सौ पेड़ों को अन्यत्र त्यों का त्यों सफलता से लगाया गया।

### परियोजना पूर्ण होने से बढ़ेगी ट्रेनों की स्पीड व यात्रा आरामदेह

" बिलासपुर मंडल के तहत मुंबई हावड़ा रेल मार्ग पर चौथी रेल लाइन बिछाई जाने का काम प्रगति पर है। बिलासपुर के निकट निपनिया में यह काम शुरु हो गया है। दुर्ग से भिलाई तक भी इसके लिए टेंडर एवार्ड होने के बाद अब चौथे ट्रैक निर्माण के लिए तैयारी चल रही है। इस परियोजना का लक्ष्य वर्ष 2028 तक पूर्ण कर लेने का है। इस पूर्ण हो जाने से ट्रेनों की स्पीड, संख्या बढ़ जाएगी और ट्रैफिक सुगम होने से यात्रा और सुरक्षित व आरामदेह हो जाएगी।

**अवधेश कुमार त्रिवेदी**, डीसीएम, बिलासपुर रेल मंडल

# बीएसपी में कैंटीनों का ठेका समाप्त

## आज से चाय नाश्ते के लिए भटकेंगे सैकड़ों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की कैंटीनों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बेखयाली सैकड़ों कर्मचारियों पर भारी पड़ सकती है। चाय नाश्ते और खाने के लिए संयंत्र की कैंटीनों पर निर्भर रहने वाले बीएसपी कर्मचारियों और मजदूरों को रविवार से ब्रेकफास्ट के लिए भटकना पड़ सकता है। आउटसोर्स पर संचालित होने वाली 4 दर्जन कैंटीनों की ठेका अवधि शुक्रवार को समाप्त होने के बाद गतिरोध की स्थिति निर्मित होने से सभी में तालाबंदी या अवैध संचालन की स्थिति पैदा हो गई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेक्टर नौ हास्पिटल में कर्मचारियों के नाश्ते की सुविधा के लिए प्रबंधन द्वारा कैंटीनों का संचालन किया जाता है । कुल 45 कैंटीनों को संचालन के लिए ठेके पर दिया गया है। संयंत्र के अंदर 42 कैंटीन और सेक्टर नौ हास्पिटल तथा नगर सेवाएं विभाग कार्यालय सहित 45 कैंटीनों का संचालन किया जा रहा है। यूनियन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक संयंत्र के अंदर कैंटीनों को तीन वर्ष की अवधि तक संचालन के लिए वर्ष 2023 में दिया गया था। 42 कैंटीनों को चार ठेका एजेंसियों को अलग अलग दिया गया था। सभी कैंटीनों का ठेका शुक्रवार को समाप्त हो गया है।




■ तीन साल के लिए आउटसोर्स पर हो रहा था संचालन

### एक साल का एक्सटेंशन भी नहीं मिला

कैंटीन सेल विभाग द्वारा न तो ठेके को रिनुअल किया गया है और न ही इन्हें कंटीन्यू ही किया गया है। बताते हैं कि कुछ कैंटीनों को एक साल का एक्सटेंशन दिए जाने की चर्चा चल रही थी लेकिन आज तक न तो ठेका अवधि बढ़ाई गई है और न ही कैंटीन संचालकों को आगे कैंटीन का संचालन करने के लिए कोई दस्तावेजी प्रक्रिया या मौखिक आश्वासन ही दिया गया है। इससे संयंत्र के अंदर 42 कैटीनों के कल से संचालन को लेकर उहापोह या गतिरोध के हालात निर्मित हो गये हैं। कर्मियों में इस बात को लेकर चिंता बनी हुई है कि क्या उन्हें संयंत्र के अंदर चाय नाश्ते के लिए भटकना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर कैंटीन के ठेकेदारों को भी इस बात कि चिंता है कि यदि वे ठेका समाप्त होने के बाद कैंटीनों को खुला रखते हैं तो प्रबंधन अवैध संचालन बताकर कार्रवाई कर सकता है।

## सेक्टर 2 में सार्वजनिक बोरिंग पर कब्जा, पानी के लिए भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भीषण गर्मी में सेक्टर 2 के मार्केट से लगे रिहायशी क्षेत्र के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या नगर निगम के एक सार्वजनिक बोरिंग पर कब्जा करने से उत्पन्न हुई है। रहवासियों ने नगर निगम के कमिश्नर से सरकारी बोरिंग को कब्जामुक्त करवाकर फिर से आम लोगों के लिए खोलवाने की मांग की है।

■ नगर निगम कमिश्नर से कब्जामुक्त कराने की मांग

प्रभावित क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर में सड़क 23 में क्वार्टर 7 और 8 के बीच दस साल पूर्व रहवासियों की मांग पर निगम द्वारा एक बोरिंग का खनन किया गया था। इसका उपयोग आसपास व मार्केट के लोग भी निस्तारी के साथ पेयजल के लिए भी कर रहे थे। यह हैंडपंप तत्कालीन पार्षद द्वारा पार्षद निधि से लगवाया गया था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से इस बोरिंग को दो रहवासियों ने कब्जा कर अपने निवास के दायर में ले लिया है। इसमें मोटरपंप लगाकर बोरिंग के पानी का सिर्फ निजी उपयोग किया जा रहा है। इससे इस सड़क व आसपास के अन्य रहवासियों भीषण गर्मी में पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। घरों के नलों में पानी की धार बहुत धीमी हो गई है। सभी नगर निगम से जल्द बोर को कब्जामुक्त करवाने की मांग की है।

## लंबे समय से चल रहा था जुआ, पुलिस ने दी दबिश, नगदी 1.14 लाख जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से चल रहे जुआ के अड्डे में पुलिस ने दबिश देकर 15 जुआरियों को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से लाखों के सामान भी पुलिस ने जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के सामने कोसनाला के पास दबिश दी गई। जहां पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेला जा रहा था। घेराबंदी कर मल्हा पारा सुपेला निवासी विक्की साहनी, सेक्टर 7 विनय, आदर्श नगर दुर्ग हिमांचल दास, गया नगर शैलेन्द्र यादव, रूआबांधा भिलाई हेमलाल ढीमर, कोसा नगर सुपेला सतीश गुर्दे,अहिवारा विज्जू जैन,बजरंग नगर रायपुर किशन साहू,राम नगर सुपेला सोनू कुमार साव, खोरपा अभनपुर जशवंत साहू, बेदरी थाना राखी लक्की साहू,शंकर नगर दुर्ग जुलेश लाल,सुपेला हीरा सिंह, कैम्प 2 छावनी मोह. अरशद अंसारी, कांट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला दिनेश साव को गिरफ्तार किया गया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने नगद 1.14 लाख रुपए, 15 मोबाइल, 5 दो पहिया वाहन जब्त किया गया। जब्त सामानों की कीमत 4.50 लाख रुपए आंकी गई है।

■ सुपेला पुलिस ने किया कार्रवाई

### पुलिस की जानकारी में चल रहा था जुआ

यह जुआ काफी लंबे से चल रहा था। इसे जो व्यक्ति संचालित करा रहा था पुलिस में अच्छी पकड़ के चलते उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस फड़ की जानकारी सुपेला थाना और क्राइम ब्रांच के कुछ लोगों को भी थी। एएसएसपी विजय अग्रवाल का कहना है इसका पता लगाने मामले की जांच की जा रही है।

## कैरम सेंटर में विवाद के बाद हत्या का प्रयास, युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कैरम सेंटर में सिगरेट मांगने को लेकर विवाद के बाद आरोपी ने धारदार हथियार से हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। भिलाई निवासी मो. वसी बड़ी मस्जिद अहमद नगर कैम्प 2 के अयाज अहमद सिद्धकी के कैरम सेंटर में 7 अप्रैल को बैठा था। इस दौरान आरोपी इमामबाड़ा कसाई मोहल्ला निवासी शेख इमरान सिगरेट मांगने की बात पर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी शेख इमरान अपने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज कर पीड़ित को का गला दबाया और धारदार वस्तु से हमला कर चोट पहुंचाई। छावनी पुलिस ने आरोपी शेख इमरान को गिरफ्तार कर धारदार हथियार जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## आत्मानंद स्कूलों में फीस का विरोध तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेक्टर-6 स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रस्तावित 1500 रुपए फीस को लेकर राजनीतिक विरोध शुरू हो गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-4 के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने प्रतिनिधिमंडल के साथ स्कूल पहुंचकर प्राचार्य श्रीमती दलजीत से मुलाकात की और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कांग्रेस नेताओं ने स्कूल की स्थिति का जायजा लिया और विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। सौरभ दत्ता ने बताया कि इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र गरीब और मजदूर परिवारों से आते हैं। ऐसे में 1500 रुपए की फीस लेना उनके अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। सौरभ दत्ता ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय आत्मानंद स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दी जाती थी और शिक्षा को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह मॉडल तैयार किया गया था। स्कूलों में लैब, लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाएं विकसित की गई थीं और बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती भी हुई थी। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। इस दौरान अजय यादव, आकाश हाडे, संदीप कोरी, भिलाई शहर जिला युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष इमाम खान, मंडल अध्यक्ष लॉरेंस, ब्लॉक कोषाध्यक्ष सतीश सोनकर आदि उपस्थित थे।

■ कांग्रेसियों ने किया आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

## आईजी ने पुलिस दरबार में सुनी समस्या, वार्षिक परेड में कहा

# प्रोफेशनल अनुशासित जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रक्षित केंद्र दुर्ग में आईजी अभिषेक शांडिल्य ने दुर्ग पुलिस का वार्षिक निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान वार्षिक निरीक्षण परेड आयोजित की गई। जिसमें आईजी द्वारा सलामी ली गई, पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के टर्नआउट, स्वास्थ्य का परीक्षण किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। वाहन शाखा का निरीक्षण कर एमटी परेड लिया गया। वाहनों की स्थिति, रखरखाव, उपयोगिता का परीक्षण किया गया। परेड के दौरान पहली बार ड्रोन यूनिट का प्रदर्शन किया। जिसमें जिले में उपलब्ध दो ड्रोन यूनिट की कार्यप्रणाली का अवलोकन भी किया है। रक्षित केंद्र एवं पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस दरबार आयोजित कर अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं की सुनवाई की गई। निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी सुखनंदन राठौड़, ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा, एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा समेत अन्य राजपत्रित अधिकारी और जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।



### फिटनेस को बनाए रखने किया प्रेरित

आईजी ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों को प्रोफेशनल, अनुशासित,जिम्मेदारी तरीके से ड्यूटी का निर्वहन करने अपने सेहत, स्वास्थ्य, फिटनेस को बनाए रखने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को टीम वर्क, समन्वय,कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने जनता के प्रति संवेदनशीलता बनाने निर्देशित किया।

### ये भी थे मौजूद

वार्षिक निरीक्षण के दौरान आईजी अभिषेक शांडिल्य के साथ पुलिस अधिकारियों में अमीत अदानी, राजकुमार लहरे, विजय यादव, अंबर सिंह भारद्वाज, प्रकाश कांत, जितेंद्र वर्मा, महेश ध्रुव, अनिल साहू, नवीन राजपूत, प्रशांत मिश्रा, राजेश मिश्रा, रामेन्द्र सिंह, पुरुषोत्तम कुर्रे समेत कई पुलिस अधकारी, कर्मचारीगण मौजदू थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411